


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 238 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, बुधवार 15 जून 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर

### आईआईटी भिलाई निर्माण के चलते परिवर्तित किया गया मार्ग

**दुर्ग।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार आईआईटी भिलाई द्वारा ग्राम कुटेलाभांठा स्थित आईआईटी कैम्पस में स्थायी रूप से परिसर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के फलस्वरूप भारी वाहनों एवं हल्के वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया जा रहा है । 21 जून से वर्तमान मार्ग पूर्णत: अवरूद्ध करते हुए नवीन परिवर्तित मार्ग से आवागमन सुचारू रूप से संचालित रहेगा ।

भारी वाहनों हेतु परिवर्तित मार्ग – जेवरा सिरसा चौक से कुटेलाभांठा होते हुए अवंतीबाई चौक मार्ग को परिवर्तित करते हुए जेवरा सिरसा चौक धमधा रोड से दुर्ग रोड में करहीडीह चौक से होते हुए अवंतीबाई चौक के लिए परिवर्तित रहेगा ।

हल्के चारपहिया एवं दुपहिया वाहनों हेतु परिवर्तित मार्ग – जेवरा सिरसा चौक से 1 किलोमीटर दुर्ग की तरफ एम एस जे हाइट से खपरी ग्राम होते हुए कुटेलाभांठा मार्ग से अवंतीबाई चौक के लिए परिवर्तित रहेगा।

### सेलूद मे विश्व रक्तदाता दिवस आयोजित

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक सेलूद में विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के तहत नि:शुल्क ब्लड ग्रुप की जांच की गई एवं ग्रामीणों को रक्तदान के लाभ से संबंधित स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। मोबाइल टीम के टीम लीडर आरएमए जया ठाकुर, लैब टेक्नीशियन ठाकुरराम, आफरीन अंसारी, प्रीति वर्मा, आर के टंडन, होमलाल आदि ने शिविर आयोजित किया। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर पाटन डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि डॉ जे पी मेश्राम सीएमएचओ जिला दुर्ग के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक के साथ साथ पाटन ब्लॉक के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज समाचार लिखे जाने तक 198 लोगों की नि:शुल्क ब्लड ग्रुप की जांच की गई है एवं रक्तदान करने शपथ ली गई।

### देश का सबसे बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ सफल

# हर तरफ बिखरी खुशियां राहुल को मिली नई जिंदगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बोरवेल में फंसे राहुल को आखिरकार 105 घण्टे रेस्क्यू के पश्चात सकुशल बाहर निकाल लिया गया। ऑपरेशन राहुल– हम होंगे कामयाब के साथ राहुल के बचाव के लिए लगभग 65 फीट नीचे गड्ढे में उतरी रेस्क्यू दल ने कड़ी मशक्कत के बाद राहुल को सुरक्षित बाहर निकाला। राहुल जैसे ही सुरंग से बाहर आया। उसने आँखे खोली और एक बार फिर दुनिया को देखा। यह क्षण सबके लिए खुशी का एक बड़ा पल था। पूरा इलाका राहुलमय हो गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बोरवेल में फंसे राहुल को सुरक्षित निकालने के लिए जिला प्रशासन को विशेष निर्देश दिए गए थे। आखिरकार देश के सबसे बड़े रेस्क्यू अभियान को कलेक्टर श्री जितेंद्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। सुरंग बनाने के रास्ते में बार–बार मजबूत चट्टान आ जाने से 4 दिन तक चले इस अभियान को रेस्क्यू दल ने अंजाम देकर मासूम राहुल को एक नई जिंदगी दी है। इस रेस्क्यू के सफल होने से देशभर में एक खुशी का माहौल बन गया। राहुल को बाहर निकाले जाने के बाद मौके पर मौजूद चिकित्सा दल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राहुल को तत्काल ही बेहतर उपचार के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अपोलो अस्पताल बिलासपुर भेज गया। बहरहाल राहुल साहू के सकुशल बाहर निकाल लिए जाने से सभी ने राहत की सांस ली है।

देश के सबसे बड़े रेस्क्यू के पहले दिन 10 जून की रात में ही राहुल को मैनुअल क्रेन के माध्यम से रस्सी से बाहर लाने की कोशिश की गई। राहुल द्वारा रस्सी को पकड़ने जैसी कोई प्रतिक्रिया नहीं दिए जाने के बाद परिजनों की सहमति और एनडीआरएफके निर्णय के पश्चात तय किया गया कि बोरवेल के किनारे तक खुदाई कर रेस्क्यू किया जाए। रात लगभग 12 बजे से पुन: अलग–अलग मशीनों से खुदाई प्रारंभ की गई। लगभग 60 फीट की खुदाई किए जाने के पश्चात पहले रास्ता तैयार किया गया। एनडीआरएफ और सेना के साथ जिला प्रशासन की टीम ने ड्रीलिंग करके बोरवेल तक पहुचने सुरंग बनाया। सुरंग बनाने के दौरान कई बार मजबूत चट्टान आने से इस अभियान में बाधा आई। बिलासपुर से अधिक क्षमता वाली ड्रिलिंग मशीन मंगाए जाने के बाद बहुत ही एहतियात बरतते हुए काफी मशक्कत के साथ राहुल तक पहुचा गया। आज सेना,एनडीआरएफ के जवानों द्वारा रेस्क्यू कर राहुल को बाहर निकाला गया। मौके पर ही चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण की गई और बेहतर उपचार के लिए उसे ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अपोलो अस्पताल ले जाया गया। बहरहाल 104 से अधिक घण्टे तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में राहुल साहू के जीवित बाहर निकाल लिए जाने से सभी ने राहत की सांस ली। पिता श्री लाला साहू,माता गीता साहू सहित परिजनों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कलेक्टर, जिला प्रशासन के अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों और एनडीआरएफ सेना, एसडीआरएफ सहित सभी का विशेष धन्यवाद दिया।

### सुरंग से बाहर आते ही राहुल ने खोली आँखे.. और देखी एक बार फिर दुनिया



### कलेक्टर सहित सभी अफसर दिन रात रहे मुस्तैद

राहुल के सलामती के लिए जहाँ दिन–रात पर दुआओं का दौर चला। वहीं घटनास्थल पर इस ऑपरेशन के पूरा होने तक कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला, पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल सहित तमाम अफसर रात भर घटनास्थल पर रेस्क्यू पर निगरानी रखे हुए थे। लगभग 105 घण्टे से अधिक समय तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में राहुल के सकुशल बाहर आने की घटना किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं थी। कलेक्टर श्री शुक्ला ने कहा कि बोरवेल में फँसे होने की वजह से बालक का रेस्क्यू बहुत ही आसान काम नहीं था। सभी की कोशिश थी कि उन्हें सुरक्षित निकाला जाए। विपरीत परिस्थितियों के कारण जो भी संभव था वह फ़ैसला एनडीआरएफऔर परिजनों के साथ मिलकर लिए गए। कलेक्टर ने इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए जिले के अधिकारियों सहित आमनागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी स्थान पर बोरवेल को खुला न रखे। अपने छोटे बच्चों को ऐसे स्थानों पर कतई न जाने दें और स्वयं भी अपने बच्चों को निगरानी में रखे।

### सीएम बघेल ने परिजनों से वीडियो कॉल कर ढांढस बंधाया और कहा था सकुशल आयेगा राहुल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जांजगीर में बोरवेल में गिरे बच्चे के लिए बेहद चिंतित रहे। यही वजह है कि वे लगातार रेस्क्यू का अपडेट लेते रहे । उन्होंने राहुल को सकुशल बाहर निकालने के निर्देश दिए थे। उन्होंने वीडियो कॉल कर राहुल के पिता और माता से भी बात की थी। उन्होंने राहुल को बाहर निकालने के लिए हरसंभव मदद का आवश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही राज्य स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्पूर्ण घटनाक्रम की निगरानी रखी जा रही थी।

### चट्टानों से न हौसला डिगा, न राहुल

बोरवेल में फंसे राहुल को बचाने के लिए रेस्क्यु दल ने हर बार कड़ी चुनातियों का सामना किया। राहुल के रेस्क्यु में बड़े–बड़े चट्टान बाधा बनकर रोड़ा अटकाते रहे, इस बीच रेस्क्यु टीम को हर बार अपना प्लान बदलने के साथ नई–नई चुनौतियों से जूझना पड़ा। मशीनें बदलनी पड़ी। 65 फीट नीचे गहराई में जाकर होरिजेंटल सुरंग तैयार करने और राहुल तक पहुँचने में सिर्फ चट्टानों की वजह से ही 4 दिन लग गए। रेस्क्यु टीम को भारी गर्मी और उमस के बीच झुककर, लेटकर टार्च की रोशनी में भी काम करना पड़ा। इसके बावजूद अभियान न तो खत्म हुआ और न ही जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे राहुल ने हार मानी।

### जाको राखे साइंया, मार सकय न कोय

# मासूम राहुल ने इन मुहावरो को सच साबित किया

एल.डी. मानिकपुरी, सहायक सूचना अधिकारी, जनसंपर्क

***ईश्वर के घर देर है, अंधेर नहीं, मौत को दिया मात***



राहुल साहू अब जांजगीर नहीं, छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश के मोबाइल, अख़बार, टीवी, रेडियो देखने, पढ़ने, सुनने वालों के लिए यह नाम विगत 5 दिनों से जुबान पर है. होगा भी क्यों नहीं। छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले के मालखरौदा से लगे ग्राम पिहरीद निवासी लाला साहू के बड़े बेटा और ऋषभ के बड़े भाई राहुल साहू उम्र महज 11 वर्ष बोलने, सुनने में सक्षम नहीं है साथ ही वे मानसिक रूप से दिव्यांग भी है। तारीख़ 10 जून 2022 दिन शुक्रवार और समय करीब अपरान्ह 3 बजे ज़ब राहुल और उसके भाई ऋषभ अपनी बाड़ी में खेल रहे थे तभी खुले बोर में राहुल गिर गया। करीब 70–80 फिट गहरे बोर में गिरने की खबर घर से लेकर गांव तक और गांव से लेकर कलेक्टर जांजगीर तक पहुंच गया। कलेक्टर जीतेन्द्र शुक्ल, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी, कर्मचारी राहुल को बचाने ग्राम पिहरीद पहुंचे। इस बात की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तत्काल कलेक्टर को मोबाइल पर निर्देश जारी किया कि राहुल को बचाने हर सम्भव प्रयास किया जाए. कलेक्टर ने तत्काल तमाम सुरक्षा व्यवस्था के लिए राज्य आपदा मोचन से लेकर सेना के जवान सहित सभी प्रकार के संसाधन जुटाने के निर्देश अपने अधीनस्थ लोगों को दिया। कोरबा, बिलासपुर, भिलाई सहित अनेक शहरों व राज्यों से मदद ली गई।

***पल पल की जानकारी लेते रहे मुख्यमंत्री***

मुख्यमंत्री बघेल लगातार राहुल के परिजनों से और कलेक्टर से बातचीत करते रहे। कलेक्टर को हर उपाय करने के निर्देश देते रहे तो परिजनों को आश्वासत किया कि बेटा राहुल को सुरक्षित निकाल लिया जाएगा. सबसे पहले ऑक्सीजन की व्यवस्था कर तत्काल राहुल तक पहुचाई गई। विशेष कैमरे लगाकर राहुल की हर गतिविधियों पर नज़र रखी गई और उसे खाने पीने के सामान भी दिए गए। यह घटना कोई सामान्य घटना नहीं थी। जिला प्रशासन द्वारा बच्चे को बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ एसडीआरएफ सहित आवश्यकता अनुसार सभी से संपर्क बनाया गया। आसपास की भीड़ हटाने पुलिस फोर्स लगाकर बेरिकेडिंग की गई। समय रहते बच्चे को ऊपर लाने का भी प्रयास किया गया। जिला प्रशासन की मांग पर रेस्कयू के लिए बड़ी–बड़ी मशीनों के साथ एक्सपर्ट भी बुलाए गए। भिलाई,कटक,कोरबा, झारखण्ड,रायगढ़,बिलासपुर सहित अन्य स्थानों से भी राहत एवं बचाव के लिए मशीनें तथा वाहन मांगी गई। एनडीआरएफ एसडीआरएफ के पहुचने के बाद सैकड़ो कोशिशें की गई कि राहुल किसी तरह रस्सी, हुक को पकड़ ले। गुजरात से रोबोट बुलाकर भी निकालने की कोशिशें जारी रही। एक तरफबोर के गहराई में गिरे राहुल के समानांतर गड्ढा कर सुरंग बनाकर राहुल तक पहुँचने की रणनीति बनी और अमल में लाया गया, वही दूसरी ओर कभी मैनुअल क्रेन में रस्सी के सहारे राहुल को ऊपर खीचने का प्रयास किया गया।

***जाको राखे साइंया मार सकय न कोय***

यह मुहावरा मासूम राहुल के लिए ही बना है. बोरवेल में फंसे राहुल को आखिरकार 105 घण्टे रेस्क्यू के पश्चात सकुशल बाहर निकाल लिया गया। ऑपरेशन राहुल की चुनौती यही थीं कि राहुल न सुन सकता है, न बोल सकता है वे मानसिक रूप से दिव्यांग भी है ऐसे में लगभग 65–70 फीट नीचे गड्ढे में उतरी रेस्क्यू दल ने कड़ी मशक्कत के बाद राहुल को सुरक्षित बाहर निकाला। राहुल जहाँ फसे थे उसके आसपास सांप भी था लेकिन कहते है न ईश्वर के घर देर है अंधेर नहीं। प्रदेश के करीब 3 करोड़ आबादी के प्रार्थना ने राहुल को नया जीवन दिया तो इस आबादी के मुखिया संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर भरोसा भी था कि राहुल को बचाने जिला से लेकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक व्यवस्था में भी कोई कम नहीं था।

***मौत को दिया मात***

रेस्कयु टीम के 105 घंटे के कड़ी मशक्क्त के बाद सुरंग से बाहर आते ही राहुल का आँख खुला था। वे अपने गांव पिहरीद की खुले जगहों से सांस लेने को आतुर। जिला प्रशासन ने पहले से ही डॉक्टर, नर्स से लेकर राहुल के तमाम सुरक्षा व्यवस्था कर ली गई थीं. ज़ब राहुल सुरंग से बाहर आया तो रेस्कयु टीम में जो उत्साह और उमंग दिखाई दिया वह पिहरीद और जिला जांजगीर के इतिहास में दर्ज हो गया. हजारों ग्रामीणो को बेसब्री से राहुल का इंतजार था। पूरे गाँव में खुशी के आँसू देखने को मिला, क्योंकि बेटा राहुल मौत को मात दे दिया। राहुल को बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है इस घटना ने सभी लोगो को सोचने को मजबूर किया। छोटी से लापरवाही से कितना बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए बोर को खुला न छोड़े. स्वयं और बच्चों का विशेष ध्यान रखें. राहुल बहुत जल्द स्वस्थ होकर घर लौटेगा, इसी उम्मीद के साथ ऑपरेशन राहुल में जुड़े जिला प्रशासन, राज्य शासन तमाम अधिकारी, कर्मचारीगण रेस्कयु टीम के सभी सदस्यों, ग्राम पिहरीद के प्रत्येक नागरिक और मीडिया के अभूतपूर्व योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## राहुल से पूछताछ पर बवाल, उग्र हुए कांग्रेसी ईडी दफ्तर के बाहर टायरों में लगाई आग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय दफ्तर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछताछ जारी है। इसी बीच कार्यालय के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं का प्रदर्शन तेज हो गया है। खबर है कि पार्टी के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन में टायरों में आग लगा दी। वहीं, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं। उस दौरान नेताओं और पुलिस के बीच झड़प की खबरें भी सामने आईं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस कार्रवाई से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्वष्ठ कार्यालय से कुछ दूरी पर ही टायरों में आग लगा दी थी। घटना की खबर लगते ही दिल्ली पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। खास बात है कि जांच एजेंसी नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के दौरान तीन दिनों से हंगामा जारी है।

आगजनी के अलावा कांग्रेस नेता लगातार बैरिकेड्स को धक्का मारते हुए आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, इससे पहले खबरें आई थी कि अधीर रंजन चौधरी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अजय माकन समेत कई बड़े नेता सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं। इससे पहले सुबह भी पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लिया था।

## टाउनशिप में चला बीएसपी का बुलडोजर 70 अवैध दुकानों को किया नेस्तनाबूद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी का टाउनशिप में अवैध कब्जा और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में आज सेक्टर 2 और सेक्टर 6 को विभाजित करने वाली मस्जिद रोड पर दोनों ओर लगने वाले 70 अवैध दुकानों को जेसीबी चलाकर नेस्तनाबूद कर दिया गया। अलसुबह हुई इस कार्रवाई के चलते अवैध कब्जा कर दुकान सजाने वालों को विरोध का मौका नहीं मिल पाया।

आज सुबह–सुबह बीएसपी प्रबंधन की तोड़ूदस्ता और नगर सेवाएं विभाग की टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। सेक्टर– 6 मस्जिद और सतनाम भवन के सामने लगने वाले अवैध दुकानों को हटा दिया है। सुपेला रेलवे क्रासिंग के समीप जेपी चौक के आसपास की अवैध दुकानों को भी हटा दिया गया है। सेक्टर–2 साइड में लगने वाली इन दुकानों को आज सुबह ही हटाया गया। कार्रवाई को



दुकानें सजने से पहले ही अंजाम दिया गया। संभावित विरोध का सामना करने मौके पर पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की गई थी।

दरअसल, टाउनशिप का मस्जिद रोड शहर के हृदय स्थल माने जाने वाले सुपेला से जुड़ा हुआ है। इस वजह से मस्जिद रोड पर यातायात का अतिरिक्त दबाव रहता है। लगातार दुकानों की संख्या बढ़ रही थी। इसकी वजह से रोड पर जाम की स्थिति निर्मित होती थी। लोग सड़क पर ही वाहन पार्किंग कर सामान खरीदने जा रहे थे। आज सुबह–सुबह रोड जाम और सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सुपेला चौक से सेक्टर–2 तक जेसीबी द्वारा 70 अवैध दुकानों को हटाया गया। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और कोतवाली व भट्टी टीआई सहित भारी पुलिस बल की उपस्थिति में सुबह 6 बजे से यह कार्रवाई चली।

### अपनी सीमा में निगम कर चुकी कार्रवाई

बीएसपी के तोड़ू दस्ते ने आज टाउनशिप के जिस सड़क को अवैध कब्जों से मुक्त कराया है, वह सुपेला रेलवे क्रासिंग होकर कोहका की ओर जाने वाली सड़क से जुड़ी है।? रेलवे क्रासिंग के उत्तर दिशा में अवैध कब्जा रोकने की जवाबदेही नगर निगम की है। हाल ही में निगम प्रशासन ने सुपेला रेलवे क्रासिंग से लेकर नेहरू नगर चौक और फिर राजेन्द्र प्रसाद रोड पर अवैध रूप से लगने वाले संडे मार्केट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया है। आज बीएसपी के द्वारा अपने आधिपत्य वाले क्षेत्र में अवैध कब्जा हटाने से सेन्ट्रल एवेन्यू पर सेक्टर 5 चौक से जेपी चौक और सुपेला रेलवे क्रासिंग से गदा चौक तक सड़क अतिक्रमण से मुक्त हो गया है।

## काश! यह बोरवेल सरकारी होता

दीपक रंजन दास






106 घंटे, एनडीआरएफ सेना के जवान, 500 अधिकारी कर्मचारी–सब के सब खड़े रहे एक बोरवेल के मुहाने पर। मकसद था एक 10 साल के बच्चे को 60 फीट की गहराई से सकुशल बाहर निकालना। बच्चों के बोरवेल में गिरने की यह कोई पहली घटना नहीं है। देशभर से इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं। जब–जब कोई बच्चा बोरवेल में गिरता है पूरा देश प्रार्थना करने में जुट जाता है। सरकार अपनी पूरी ताकत झोंक देती है। मीडिया पल–पल की खबर देने लगती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ। दरअसल, हम केवल घटनाओं को याद रखते हैं, उससे सबक नहीं लेते। 2005 में ऐसी पहली घटना की खबर कुरुक्षेत्र से आई थी। पांच साल का प्रिंस 60 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया था। 50 घंटे की मशक्कत के बाद उसे निकाला गया था। एनडीआरएफकी रिपोर्ट के अनुसार 2009 से अब 40 से ज्यादा बच्चे बोरवेल में गिर चुके हैं। इनमें से सभी को बचाया नहीं जा सका है। 2019 में तिरुचिरापल्ली के एक बोरवेल में गिरे 2 वर्षीय सुजीत विलसन की मृत्यु हो गई थी। वास्तविक आंकड़े इससे ज्यादा हो सकते हैं। सिंचाई से लेकर शहरी आबादी की पेयजल और निस्तारी की जरूरतें आज भूमिगत जलस्रोतों से ही पूरी होती हैं। सिंचाई के बोरवेल 12 इंच व्यास तक के होते हैं। लगभग एक तिहाई बोरवेल फेल हो जाते हैं। इन्हें या तो पत्थर से ढंक दिया जाता है या फिर यूं ही खुला छोड़ दिया जाता है। सुरक्षा को लेकर यह लापरवाही, हमारी आदत बन चुकी है। राहुल बाहर आ गया, हमने राहत की सांस ले ली। अब इंतजार करेंगे किसी और प्रिंस या राहुल के बोरवेल में गिरने का। काश यह बोरवेल सरकारी होता। कम से कम जिम्मेदारों का पता लगाने और उन्हें जी भर कर कोसने का मौका तो मिलता। अफसोस! ऐसे अधिकांश बोरवेल निजी होते हैं। इन्हें खोदने में इतना खर्च हो चुका होता है कि बंद करने के लिए धेला नहीं बचता। जरूरत है किसी देसी जुगाड़ की जो मौत के इन कुओं का मुंह सस्ते में सील कर सके। ऐसा जुगाड़ जिसे 10–12 साल के बच्चे खोल न सकें।



## संपादकीय

# रोजगार का इंतजाम

बीते कल की सुबह देश के लाखों बेरोजगारों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सुबह-सवेरे ही ट्वीट करके सूचना दी कि अगले डेढ़ साल में विभिन्न सरकारी महकमों में 10 लाख नौकरियां दी जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं विभिन्न विभागों के मानव संसाधन की समीक्षा के बाद इन महकमों को रिक्तियां भरने व नई नियुक्ति करने के निर्देश दिए हैं। इस एलान के चंद घंटों के भीतर ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अग्निपथ योजना के तहत सेना में हजारों जवानों की भर्ती का प्रारूप भी पेश कर दिया। रक्षा मंत्री की यह घोषणा पीएमओ के एलान को विश्वसनीय आधार तो देती ही है, यह संकेत भी देती है कि आने वाले दिनों में तमाम केंद्रीय मंत्री व निगमों के प्रमुख अपने यहां से जुड़ी ऐसी घोषणाएं करेंगे। बेकारी की मार झेल रहे करोड़ों नौजवानों के हित में यह एक सुखद पहल है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

> “ विडंबना यह है कि देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां चुनाव के समय रोजगार सृजन के बड़े-बड़े वादे करती हैं, मगर सत्ता में आने के बाद प्रक्रियागत उलझनों का रोना रोने लगती हैं और विपक्ष भी अगले चुनाव तक अपने शिविर में कैद हो जाता है। केंद्र सरकार को इस धारणा को तोड़ना होगा, तभी उसके मौजूदा एलान का लाभ नौजवान उठा सकेंगे।

केंद्र सरकार की इस कवायद के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। अगले आम चुनाव में अब दो साल से भी कम वक्त रह गया है। यह छिपी हुई बात नहीं है कि अब हर चुनाव में नौजवान मतदाताओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है और वे जनादेश पर असरंदाज होने लगे हैं। पिछले आम चुनाव में ही करीब डेढ़ करोड़ नए मतदाता जुड़े थे। और उन्होंने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा भी लिया था। लेकिन मार्च 2020 में कोविड-19 के कारण लॉकडाउन लगने के बाद बड़े पैमाने पर लोगों की नौकरियां गईं और इनमें हालिया नियुक्त लोगों की तादाद सर्वाधिक थी। हालात में सुधार के बावजूद 'सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी' के मुताबिक, इस साल की शुरुआत में देश में बेरोजगारों की तादाद लगभग पांच करोड़, 30 लाख थी, जिनमें से साढ़े तीन करोड़ तो शिद्दत से नौकरी तलाश रहे थे। ऐसे में, बताने की जरूरत नहीं कि एक के बाद दूसरी प्रतियोगी परीक्षाओं के रद्द होने या फिर लंबित पड़े रहने का उनके मनोबल पर कैसा असर पड़ रहा होगा! देश की अर्थव्यवस्था ही नहीं, समूचे सामाजिक ताने-बाने के लिए भी यह बहुत जरूरी था कि नौजवान आबादी को निराशा के अंधेरे से बाहर निकालकर उसमें नई ऊर्जा भरने की पहल की जाए। निस्संदेह, नौकरी चाहने वालों के आगे ये नंबर बहुत कम हैं, मगर इससे एक सकारात्मक माहौल अवश्य बनेगा।

पिछले कुछ वर्षों में सरकारी नौकरियों में कटौती की खबरें ही सुर्खियां बनती रही हैं, जबकि दूसरी तरफसमाज में आर्थिक विषमता बढ़ती गई है। सरकार पर दबाव गहराता जा रहा था कि वह अपने सार्वजनिक निवेश में बढ़ोतरी कर रोजगार सृजन को गति दे। हरियाणा, राजस्थान, बिहार, झारखंड और त्रिपुरा जैसे उच्च बेरोजगारी दर वाले राज्यों की सरकारों को भी इस मामले में केंद्र से प्रेरित होने की आवश्यकता है। यह भी ध्यान में रखना जरूरी है कि नौजवानों को सिर्फकाम नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण नौकरी चाहिए। चूंकि हमारे यहां सामाजिक सुरक्षा के दूसरे उपायों की नितांत कमी है, ऐसे में गुणवत्तापूर्ण रोजगार की अनिवार्यता स्वत:स्पष्ट है। विडंबना यह है कि देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां चुनाव के समय रोजगार सृजन के बड़े-बड़े वादे करती हैं, मगर सत्ता में आने के बाद प्रक्रियागत उलझनों का रोना रोने लगती हैं और विपक्ष भी अगले चुनाव तक अपने शिविर में कैद हो जाता है। केंद्र सरकार को इस धारणा को तोड़ना होगा, तभी उसके मौजूदा एलान का लाभ नौजवान उठा सकेंगे।

## सबका सार मार्केटिंग

मुझे विश्वास नहीं हुआ कि भागवत कथा की फीस पच्चीस-पचास हजार रुपए से लेकर लाख, पांच लाख, दस लाख तक। सुंदरकांड पाठ की मंडली भी दस-बीस हजार रुपए लेते हुए। भागवत कथा के ताम-झाम, भोजन आदि की व्यवस्थाएं किसी फिल्मी या संगीत कलाकार के शो से भी अधिक मंहगी हो सकती हैं बशर्ते पंडितजी का नाम मुंबई, दिल्ली या भक्त सेठों की नेटवर्किंग लिए हुए हो। कथा-सत्संग-संगत के हिंदू प्रायोजनों में पंजाबी डेरों जैसा मामला नहीं है, बल्कि व्यक्ति विशेष के निज ब्रांड से कथा वाचन का है। समाज के सेठ, संगठन और लोग दिखावे की होड़ में हैं तो उसमें मार्केटिंग हर स्तर पर है। कोई माने या न माने लेकिन वक्त यह अनुभव कराता हुआ हे कि यथा राजा तथा प्रजा और यथा प्रजा तथा राजा की केमिस्ट्री में हिंदू समाज का दिखावा और प्रायोजन फैलते हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मार्केटिंग का जादू है जो आम हिंदू दिमाग भी हर क्षेत्र में अपने नेता के अंदाज में व्यवहार करता हुआ है। मेरा मानना है कि भारत की आम, मध्यवर्गी जनता की जरूरत के धर्म, चिकित्सा, शिक्षा और खानपान ऐसे चार क्षेत्र हैं, जो पिछले आठ वर्षों में लगातार फले-फूले हैं और इनका फूलना ज्ञान, क्वालिटी, अध्यात्म, सत्य सर्विस, सेवा से नहीं है, बल्कि वैसी ही मार्केटिंग, दिखावे, हल्ले, प्रोपेगेंडा और जैसे भी कमाई के प्राथमिक मिशन में है जिसके रोल मॉडल राजनीति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। आम हिंदू की राजनीति, धर्म, मेडिकल, शिक्षा और खानपान के पांचों धंधों में मार्केटिंग का आठ वर्षों में जैसा जो विस्तार हुआ है उसका सचमुच गंभीरता से गहन अध्ययन होना चाहिए। शहर-कस्बों-देहात की जमीनी हकीकत है कि प्राइवेट अस्पताल हो या प्राइवेट कॉलेज-विश्वविद्यालय, खासकर तकनीकी शिक्षा संस्थान सभी की रणनीति के किस्से-कहानियों की बेसिक बात है कि संस्थाओं ने एजेंट छोड़े हुए हैं।

**-हरिशंकर व्यास**

> “ साफहै, अग्निपथ के निहितार्थ दूरगामी हैं। सशस्त्र बल हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय संस्थान हैं। इसलिए अग्निपथ को लागू करने के लिए एक ठोस और दीर्घकालिक नजरिये की दरकार है। इसके अलावा, इस योजना का लगातार मूल्यांकन भी किया जाना चाहिए, ताकि अगर कहीं कोई कमी दिखती है, तो उसका जल्द से जल्द निपटारा हो सके।

# अग्निपथ पर अग्निवीरों की नियुक्ति

राकेश शर्मा, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल

सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए अल्पकालिक भर्ती नीति आखिरकार घोषित कर दी। इस बहुचर्चित योजना को 'अग्निपथ' कहा गया है। इसमें 17.5 से 21 साल के नौजवानों को मौका दिया जाएगा। वे चार साल के अनुबंध पर भर्ती किए जाएंगे, जिसके लिए उन्हें 24 से 32 हफ्ते की ट्रेनिंग से गुजरना होगा। शुरुआत में थल सेना में 40 हजार और वायु सेना एवं नौसेना में तीन-तीन हजार सैनिकों की भर्ती की जाएगी। हालांकि, भविष्य में जरूरत के हिसाब से इस संख्या को बढ़ाया-घटाया भी जा सकता है। यही नहीं, इनमें से 25 फीसदी युवाओं को चार साल के बाद सशस्त्र बलों में स्थायी रूप से शामिल कर लिया जाएगा।

इन अग्निवीरों (सैनिकों) को बतौर तनख्वाह हर महीने 30 हजार रुपये दिए जाएंगे, जिसमें सालाना 3,500 रुपये तक की वृद्धि होगी। इस 30 हजार रुपये में से अग्निवीर कॉर्पस फंड के लिए 9,000 रुपये काटे जाएंगे, और इतनी ही रकम सरकार भी इस फंड में जमा करेगी। चार साल की सेवा के बाद 'सेवा निधि' में जमा यह राशि ब्याज सहित अग्निवीरों को वापस लौटा दी जाएगी, जो करीब 11.7 लाख रुपये होगी, हालांकि उनको पेंशन की सुविधा नहीं मिलेगी। इसके अतिरिक्त, अग्निवीरों का 48 लाख रुपये का बीमा भी कराया जाएगा और ड्यूटी के दौरान वीरगति पाने पर उनके परिजनों को 44 लाख रुपये की अतिरिक्त अनुग्रह राशि दी जाएगी। अक्षमता, यानी शारीरिक विकलांगता के आधार पर मुआवजे का प्रावधान भी इसमें रखा गया है।



जाहिर है, 'अग्निपथ' की शुरुआत सशस्त्र बलों में भर्ती की मौजूदा प्रक्रिया में उल्लेखनीय बदलाव है। इसके लिए सरकार के पास बड़ी संख्या में सुझाव भेजे गए थे। तमाम सुझावों पर गौर करने के बाद आखिरकार अग्निवीरों के लिए चार साल का एकल कार्यकाल, उसके अनुरूप बीमा योजना और परिस्थितियों व अनुभव के आधार पर अनुग्रह राशियों का प्रावधान किया गया। इसका तीन महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, जिनका विश्लेषण आवश्यक है।

पहला, चिंता यह जताई जा रही है कि चार साल के बाद अग्निवीरों का आखिर होगा क्या? निस्संदेह, चार साल के बाद ऐसे उम्मीदवारों की बड़ी संख्या होगी, जो सशस्त्र बलों में रहना चाहेंगे, लेकिन सरकार के लिए सबको समायोजित करना संभव नहीं होगा। इसलिए उसने इस योजना के तहत चार साल की सेवा देने वालों के लिए अवसर पैदा करने हेतु 'समग्र दृष्टिकोण' की कल्पना की है। गृह, रेलवे और उद्योग मंत्रालयों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित, अनुशासित और अनुभवी युवा कार्यबल को शामिल करने की अपार संभावनाएं हैं। सशस्त्र बल भी नियोजन में मदद कर सकते हैं। बैंकों को कहा गया है कि वे छोटे कारोबार के लिए करीब 18 लाख रुपये लोन की गारंटी दें। इसलिए इस चिंता का कोई मतलब नहीं है कि चार साल के बाद अग्निवीर बेरोजगार हो जाएंगे या सड़क पर आ जाएंगे।

दूसरा, सवाल उठाया जा रहा है कि अग्निपथ का सशस्त्र बलों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, विशेष तौर पर सैन्य जवानों की बहुतायत वाली आर्मी पर और उन इंफेंट्री यानी पैदल टुकड़ियों पर, जो उत्तरी सीमाओं और जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं? चिंता यह भी जताई जा रही है कि अनुशासन की मजबूत डोर से बने इस संगठन में 'आया राम-गया राम' की संस्कृति बन जाएगी। यहां हमें यह समझना होगा कि एक इंफेंट्री को साल में करीब 30 से 35 रंगरूट मिलेंगे, जिसका मतलब है कि चार साल में 100 से कुछ अधिक अग्निवीर उसके हिस्से में आएंगे। इसके बाद, हर साल लगभग 10 अग्निवीर उस यूनिट का स्थायी हिस्सा बन जाएंगे। इसलिए एक इंफेंट्री बटालियन को हर साल 50 अग्निवीरों को खुद में जोड़ने के लिए सक्षम बनना होगा। राष्ट्रीय राइफल्स इसका सबसे उम्दा उदाहरण है। यह इकाई अपनी ऑपरेशनल यानी कार्रवाई संबंधी दक्षताओं में कोई समझौता किए बिना मानव-शक्ति का कुशल प्रबंधन करती है।

ऑल इंडिया-ऑल क्लास (एआईएसी) भी एक मुद्दा है, जो उत्तर भारतीय वर्ग-विशेष वाले रेजिमेंट के लिए चिंता का बड़ा विषय है। जाहिर है, रेजिमेंट के नाम प्रभावित तो नहीं होंगे। 30 से 35 एआईएसी सैनिक, जिनमें से ठीक-ठाक संख्या एक खास वर्ग से हो सकती है, सालाना इंफेंट्री बटालियन में शामिल होंगे। एक मोटे अनुमान के मुताबिक, अग्निपथ योजना के तहत अगले 10 वर्षों में करीब 125 एआईएसी सैनिक इंफेंट्री यूनिट में भर्ती होंगे। इतना ही नहीं, चूंकि अलग-अलग रेजिमेंट के मूल चरित्र में कोई बदलाव नहीं आएगा, इसलिए इन यूनिटों को एकजुटता के साथ काम करना पड़ेगा।

तीसरा सवाल, परिस्थिति के मुताबिक सशस्त्र बलों के उपयोग से जुड़ा है। चूंकि जवानों की मौजूदा कमी को पूरा करने की अभी कोई संभावना नहीं है, इसलिए जरूरी है कि संगठन की दक्षता पर काम किया जाए। भारत के दो विरोधी देश हैं, जिनके साथ हमारी सीमा लगती है। आधुनिक युद्ध के लिहाज से निवेश की सख्त दरकार है। रॉकेट या मिसाइल, ड्रोन, काउंटर-ड्रोन तकनीक, साइबर और अंतरिक्ष युद्ध जैसी आधुनिक लड़ाइयों के लिए हमें तैयार रहना होगा। फिर, तीनों अंगों के एकीकरण का भी मसला है।

ऐसे में, सशस्त्र बलों को अपनी युद्ध क्षमता के विस्तार पर काम करने की जरूरत है। इसके लिए 'हम कैसे लड़ेंगे' के सवाल पर संजीदगी से विचार करने की जरूरत होती है। यहां ऐसे सवालों से भी टकराना पड़ता है कि किसके साथ, किस मकसद से और किसके लिए जंग लड़नी है और किस तरह की सेवा व क्षमता की दरकार है। इसलिए, युद्ध संबंधी ताकत का अधिकतम उपयोग महत्वपूर्ण है और राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में इसकी रूप-रेखा नजर आनी चाहिए।

साफहै, अग्निपथ के निहितार्थ दूरगामी हैं। सशस्त्र बल हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय संस्थान हैं। इसलिए अग्निपथ को लागू करने के लिए एक ठोस और दीर्घकालिक नजरिये की दरकार है। इसके अलावा, इस योजना का लगातार मूल्यांकन भी किया जाना चाहिए, ताकि अगर कहीं कोई कमी दिखती है, तो उसका जल्द से जल्द निपटारा हो सके।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# भारत में खूब जीने और स्वस्थ रहने की मंजिल अभी दूर है

चंद्रकांत लहारिया, स्वास्थ्य तंत्र विशेषज्ञ

पिछले दिनों भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त कार्यालय ने सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम के आधार पर वर्ष 2015-19 की अवधि के लिए संक्षिप्त जीवन तालिका रिपोर्ट जारी की है। जीवन तालिका एक जनसांख्यिकीय तरीका है, जिसका उपयोग मृत्यु दर विश्लेषण और विभिन्न उपसमूहों में जीवन प्रत्याशा की गणना के लिए किया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में राष्ट्रीय स्तर पर औसत जीवन प्रत्याशा 69.7 वर्ष हो गई है। साथ ही, अगर आप 60 साल तक पहुंच जाते हैं, तो आपकी और 18 साल और तीन महीने तक जीने की संभावना रहती है।

कुछ अन्य दिलचस्प बातें निकलकर आई हैं। अगर राज्यों की तुलना करें, तो दिल्ली में औसत जीवन प्रत्याशा (75.9 वर्ष) देश में सबसे अधिक है। यह जीवन प्रत्याशा छत्तीसगढ़ राज्य से करीब 10 साल ज्यादा है। केरल देश का अकेला राज्य है, जहां ग्रामीण लोग शहरी क्षेत्रों में रहने वालों की तुलना में अधिक जीते हैं। फिर, केरल में राज्य स्तर पर महिलाओं की औसत जीवन प्रत्याशा 78 साल है, जो देश के राज्यों में सबसे अधिक है। हिमाचल प्रदेश के शहरी इलाकों में महिलाओं की औसत जीवन प्रत्याशा 82.3 साल है, जो देश में सबसे अधिक है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन प्रत्याशा कम होने से राज्य का औसत केरल से पीछे चला जाता है। साथ ही, छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पुरुष देश में सबसे कम जीवन प्रत्याशा रखते हैं।



राष्ट्रीय स्तर पर देखें, तो महिलाएं पुरुषों से औसतन तीन साल अधिक जीती हैं, लेकिन बिहार और झारखंड भारत के अकेले दो ऐसे राज्य हैं, जहां महिलाएं तुलनात्मक रूप से कम जीती हैं। असम राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों की जीवन प्रत्याशा शहरी लोगों से आठ साल कम है। भारत में जीवन प्रत्याशा बढ़ना एक अच्छी खबर है। देश की आजादी के समय भारत में अनुमानित जीवन प्रत्याशा 32 साल थी, तब से अब तक लोग करीब 38 साल अधिक जीने लगे हैं। बढ़ती जीवन प्रत्याशा का ज्यादा श्रेय चिकित्सा विज्ञान की प्रगति और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को जाता है। कुछ दशक पहले तक कई बीमारियां मृत्यु का कारण होती थीं। टीकाकरण और दवाइयों ने काम किया है। मातृ और शिशु मृत्यु दर में तेजी से कमी आई है। हालांकि, बढ़ती जीवन प्रत्याशा ने नई चुनौतियों को भी जन्म दिया है। साल 2017 में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने भारत: राष्ट्र के राज्यों का स्वास्थ्य नामक रिपोर्ट में उल्लेख किया था कि 1990 से 2016 के बीच लोगों की मौतों के कारणों में एक बड़ा बदलाव आया है। 2016 में गैर-संचारी रोग, जैसे दिल, यकृत, गुर्दे और साथ ही कैंसर भारत में मृत्यु के मुख्य कारण बन गए हैं।

देश में जीवन प्रत्याशा बढ़ी है, लेकिन हम विश्व के औसत (72.6 वर्ष) से तीन साल और जापान से करीब 18 साल पीछे हैं। फिर यही काफी नहीं है कि जीवन में कुछ साल जुड़ जाएं। महत्वपूर्ण है कि वे साल अच्छे स्वास्थ्य के साथ गुजरें। पिछले कुछ दशकों में भागदौड़ वाली जीवनशैली के परिणामस्वरूप आज हमारे देश में लगभग 28.5 प्रतिशत वयस्क आबादी को उच्च रक्तचाप और 9.3 वयस्क आबादी को मधुमेह है और कुछ को दोनों हैं। दिल और रक्त संचार सिस्टम और मधुमेह से होने वाली मृत्यु में से करीब 60 से 80 फीसदी से बचा जा सकता है। भारतीय संस्कृति में जीवेत शतद: शतम् और सर्वे सन्तु निरामया: का जिक्र आता है, और ये दोनों ही संभव हैं, अगर सरकारें और लोग मिलकर कदम उठाएं। ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु करना होगा।

चिकित्सा विज्ञान की प्रगति का एक नुकसान यह है कि हमने स्वस्थ जीवन शैली पर जोर देना बंद कर दिया है और यह सोचना शुरू कर दिया है कि हर बीमारी का इलाज संभव है। ऐसे लोग भी हैं, जो वजन घटाने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बजाय वसा घटाने वाली सर्जरी पसंद करते हैं।

नई बीमारियों से निपटने में जीवनशैली में बदलाव और रोकथाम की बहुत बड़ी भूमिका है। लोग अगर नियमित व्यायाम, समय पर सात्विक भोजन और पर्याप्त नींद लें और किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन बंद कर दें, तो लगभग 60 से 80 फीसदी बीमारियों से वे बच सकते हैं। बढ़ती जीवन प्रत्याशा निस्संदेह एक अच्छी खबर है, लेकिन अभी भी जो असमानताएं हैं, उन्हें जल्द से जल्द दूर करने की जरूरत है। हमें देश में उन जगहों पर नीति बनाकर काम करना होगा, जहां के लोगों की जीवन प्रत्याशा कम है और जहां जीवन प्रत्याशा अच्छी है, वहां से देश के बाकी क्षेत्रों को सीखना चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



क्या मिला, किसी को दुख देकर, आज खुश हो जाओं कल मिलेगा ब्याज सहित वापिस।

-अंजली जैन
7024460938

# घाटी में हिन्दु रहें तो कैसे?

श्रुति व्यास

35 वर्षीय राहुल भट्ट की हत्या के बाद घाटी में जो हुआ है, उसका वहां रहने वाले पंडितों के मानस पर गहरा प्रभाव पड़ा है। तैंतीस साल पहले उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था, लेकिन अब वे खुद अपनी मातृभूमि छोड़ना चाहते हैं। उनकी जोरदार मांग है, 'हमें घाटी से बाहर निकालो'। ऐसा पहली बार हो रहा है ज्कश्मीर में असली बदलाव तभी संभव है, जब झूठ की राजनीति और त्रासदी व नफरत पर राजनीति बंद हो और दृढ निश्चय से जमीनी सत्य का सामना हो! घाटी में गुस्सा है। लोग शोकाकुल और चिंता में हैं। हल्ला कर रहे हैं, बहुत हुआ। यह गुस्सा, मुसलमानों में नहीं है, जैसा कि हम अक्सर सुनते और पढ़ते आए हैं, बल्कि कश्मीरी हिंदुओं और पंडितों में है, जो अब भी कश्मीर घाटी में रह रहे हैं, जिन्होंने जीवन और अस्तित्व पर खतरे के भय और भविष्य की अनिश्चितताओं के बावजूद वहां वापस जाना पसंद किया था। वे हिंदू, कश्मीरी पंडित अब क्षुब्ध, गुस्से से भरे हुए हैं। और यह स्वभाविक है। 35 वर्षीय राहुल भट्ट की हत्या के बाद घाटी में जो हुआ है, उसका वहां रहने वाले पंडितों के मानस पर गहरा प्रभाव पड़ा है। तैंतीस साल पहले उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था, लेकिन अब वे खुद अपनी मातृभूमि छोड़ना चाहते हैं। उनकी जोरदार मांग है, 'हमें घाटी से बाहर निकालो'। ऐसा पहली बार हो रहा है। आतंकवाद और हिंदुओं की लक्षित हत्याओं के कारण घाटी एक बार फिर मुश्किल में है। वहां लक्ष्य कर हिंदुओं की हत्याएं हैं, इसलिए भय फैला हुआ है और सरकार-प्रशासन की नाकामी और असहायता पर गुस्सा है। सवाल है क्या क्या गलत जो यह नौबत? 'नए कश्मीर' से पंडितों के बाहर निकलने का आंदोलन क्यों है? सबसे पहले एक तथ्य ध्यान रहे। 1990 के दशक में सभी पंडितों और हिंदुओं ने घाटी नहीं छोड़ी थी। ज्यादातर ने घर बार छोड़ दिया था, लेकिन मुट्ठी भर लोगों ने खतरे में रहने और दरवाजे पर टंगे खतरे से लड़ने का फैसला किया। लेकिन दुर्भाग्य से, उन हिंदुओं और पंडितों की नैरेटिव में चर्चा नहीं थी। उनकी चिंता नहीं हुई। उन्हें हालातों और कोशिशों की बातचीत से अलग रखा गया। उनके जीवन, उनकी समस्याएं, उनकी चिंताओं, अनिश्चितताओं की बार-बार अनदेखी की गई। उनके बारे में बाहर के लोगों को बहुत कुछ पता नहीं था, न ही गुजरे 33 वर्षों में उनके बारे में बहुत कुछ बताया, लिखा या रिपोर्ट किया गया है। पंडितों को वापस घाटी में बसाने की बातें हुई हैं, उनसे बड़े लुभावने वादे किए गए हैं, लेकिन एक बार भी सरकारों- केंद्र या राज्य- और न ही स्थानीय प्रशासन ने पहले से घाटी में रह रहे, मौजूद हिंदुओं व पंडितों पर ध्यान दिया। तनाव और हिंसा से उनका दैनिक जीवन लगातार प्रभावित रहा है। खासकर, 2008 में अमरनाथ आंदोलन, 2010 में कश्मीर अशांति, 2014 में बाढ़, 2016 में आतंकवादी बुरहान वानी की हत्या, और फिर अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद वे बहुत तनावों में रहे। बावजूद इसके वे डटे रहे।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239
























श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






# समाज सुधार और सम्पूर्ण मानवता के लिए कबीर के बताए मार्ग आज भी प्रासंगिक : मंत्री अकबर

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** वन मंत्री मोहम्मद अकबर जिला मुख्यालय कवर्धा के वीर सावरकर भवन में मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा आयोजित कबीर प्राकट्य उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यकालीन भारत के महान भक्त कवि तथा समाज सुधारक संत कबीरदास द्वारा बताए गए मार्ग आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने अपने दोहे के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, धार्मिक पाखण्ड और रूढ़िवादिता पर कड़ा आघात किया। देश व समाज के हित में उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण करना आज भी हम सभी के लिए जरूरी है।



वन मंत्री तथा कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अकबर के आगमन पर समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। समाज के पदाधिकारियों ने समाज की विशेषताएं एवं उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही मंत्री के सामने समाज के उत्थान के लिए आवश्यक मांगे रखी। साहेब बंदगी साहेब के उद्गार के साथ मंत्री श्री अकबर ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कबीरपंथ का स्वरूप अत्यंत व्यापक है, जिसमें विभिन्न जाति एवं धर्म के लोग समाहित हैं। उन्होंने इस दौरान समाज की ओर से की गई मांग पर कबीर कुटी में एक किचन शेड, एक शौचालय तथा बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य को तत्काल स्वीकृत किया। वन मंत्री ने कहा कि मध्यकालीन समय में कबीर साहेब ऐसे संत हुए, जिन्होंने बाह्य आडंबर और सामाजिक कुरीतियों पर चोट किया। वे रूढ़िवाद के खिलाफ थे और धार्मिक ढकोसलों से दूरी बना करके रखी। उन्होंने कहा कि कबीर के दोहे और उनके विचार इतने उच्च स्तर के हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि "साईं इतना दीजिए जामे कुटुम्ब समाय, मैं भी भूखा ना रहूं साधु भी भूखा ना जाए"। स्वयं की, परिवार की चिंता के साथ अपने द्वार पर आने वाले साधु की चिंता करने का विचार हमें कबीर साहेब के दोहे में ही मिलता है।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा तथा स्थानीय नागरिक नरेंद्र दास मानिकपुरी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शोध पीठ के अध्यक्ष एन.डी. मानिकपुरी, नगरपालिका उपाध्यक्ष जमील खान,मोहम्मद कलीम, समाज के पदाधिकारी सर्वश्री लखन दास मानिकपुरी, रतन दास मानिकपुरी व रामदास मानिकपुरी, लखनदास मानिकपुरी, धीरजदास मानिकपुरी, जेठूदास मानिकपुरी, देवदास मानिकपुरी, दीपकदास मानिकपुरी, सुरेशदास मानिकपुरी, गोकुलदास मानिकपुरी, मुरलीदास मानिकपुरी, सचिनदास मानिकपुरी, सूरज दास, मानिकपुरी राजूदास मानिकपुरी, हरणदास मानिकपुरी समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### न्याय योजनाओं ने बदली किसानों और ग्रामीणों की जिन्दगी

# कांकेर एवं जशपुर जिले के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विकास प्रदर्शनी का किया अवलोकन

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में साढ़े तीन सालों में जो हुए विकास कार्यों की प्रदर्शनी राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान स्थित डीडीयू ऑडिटोरियम में लगाई गई है। इसमें राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी छायाचित्र एवं एलईडी के माध्यम से बेहद आकर्षक तरीके से प्रदर्शित की गई है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से लगातार ग्रामीणजन इस विकास प्रदर्शनी को देखकर इसकी सराहना कर रहे हैं। आज संसदीय सचिव संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की नवाचारी योजनाओं से ग्रामीणों के जीवन में तेजी से बदलाव आ रहा है साथ ही उनकी आमदनी में भी लगातार इजाफा हो रहा है। जिससे उनके जीवनस्तर ऊपर उठ रहा है। विकास प्रदर्शनी का कांकेर जिले के निर्वाचित जन प्रतिनिधि, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर सहित जनपद पंचायत नरहरपुर, भानुप्रतापपुर एवं कोतबा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा सदस्यगण एवं ग्रामीणों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सराहा। श्री ध्रुव ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने कृषकों की जिंदगी बदल दी है। कृषकों की आमदनी में बढ़ोत्तरी होने से वे अपनी जरूरतों को पूरा कर पा रहे हैं। कांकेर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला ने बताया कि धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के माध्यम से लोगों को 50 से 72 प्रतिशत कम कीमत पर दवाईयों उपलब्ध हो पा रही है। आम लोगों को काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना के माध्यम से गरीब बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पा रही है।



## खास खबर

### ग्राम नांगाबुडा में पुलिस ने की नशे से आजादी पखवाड़ा की शुरुआत

**गरियाबंद।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश में गरियाबंद पुलिस कप्तान जे0आर0 ठाकुर के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को दिनांक 12 जून से 26 जून 2022 तक नशा से आजादी पखवाड़ा* जागरूकता कार्यक्रम मनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए रैली एवं कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को ग्राम नांगाबुडा में गरियाबंद सिटीकोटवाली प्रभारी गौतम चन्द्र गावड़े के मार्दर्शन में सहायक थाना प्रभारी टिका राम ध्रुव की उपस्थिति में *नशे से आजादी पखवाड़े* दिवस प्रारम्भ किया गया।इस दौरान टीकाराम ने ग्रामीणों को नशे से आजादी दिलाने के संबंध में समझाईस दिए,आज के युवाओं का नशे के प्रति आकर्षण अधिक होने और अपने कैरियर के प्रति जागरूक ना होने के संबंध में जानकारी दिए।आगे कहा कि नशा करना बुरी बात है, इससे समाज एवं खुद के परिवार में बुरा प्रभाव पड़ता है। इस आदत को हमें दूर भगाना है। इस अवसर पर सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### जेल में बंदी को मिला नया कृत्रिम पैर

**कवर्धा।** श्रीमती नीता यादव जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा जेल समीक्षा दिवस के अवसर पर जेल भ्रमण के दौरान यह तथ्य उनके संज्ञान में आया कि जेल में एन.डी.पी.एस. एक्ट के मामले में विचाराधीन बंदी दिगम्बर भोई, पिता जगन्नाथ भोई का नकली पैर पानी आदि से क्षतिग्रस्थ हो चुका है। उनके द्वारा सचिव अमित प्रताप चन्द्रा को उचित कार्यवाही हेतु तत्काल निर्देशित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए तत्कालिक संचालक समाज कल्याण हरिश सक्सेना एवं बी.आर.आर.सी. तथा फिजिकल रिफरल रिहैबिलिटेशन सेन्टर माना रायपुर (पी.आर.आर.सी.) एवं जेल अधीक्षक योगेश बंजारे के सहयोग से उक्त बंदी के नए कृत्रिम पैरों हेतु नाप आदि लेने का कार्य जिला जेल कबीरधाम में किया गया।

### जिला कलेक्टर रजत बंसल एवं सीएमएचओ आर.के.चतुर्वेदी ने किया रक्तदान

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 150 लोगों ने किया रक्तदान

श्रीकंचपथ न्यूज

**बस्तर।** विश्व रक्तदाता दिवस पर जिले में जरूरतमंदों को समय पर ब्लड उपलब्ध कराने को इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी एवं युवोदय के संयुक्त तत्वाधान में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 लोगों ने भाग लिया। रक्तदान शिविर में प्रमुख रूप से जिला कलेक्टर रजत बंसल, जिला पंचायत सीईओ, सीएमएचओ आर.के.चतुर्वेदी, पूर्व अधीक्षक के एल. आजाद, एचओडी पैथोलॉजी सहित अन्य अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने रक्तदान कर जिलेवासियों को रक्तदान करने के लिये जागरूक किया।

कलेक्टर रजत बंसल ने नागरिकों से की अपील- वैश्विक महामारी काल में जरूरतमंद हेतु रक्त की कमी ना हो उसे देखते हुए आप सभी गणमान्य नागरिक एवं रक्त दाताओं से अपील है कि समय-समय पर रक्तदान कर मानव जीवन को बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। इस मौके पर सीएमएचओ आर.के.चतुर्वेदी ने बताया: रक्तदान शिविर आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करना है। रक्तदान करना महान कार्य है, इसे नियमित अंतराल पर करना चाहिए । रक्तदान से हार्ट अटैक की संभावनाएं कम होती हैं। आयरन की मात्रा को बैलेंस करने से लिवर हेल्दी बनता है और कैंसर का खतरा भी कम होता है। रक्तदान का एक फायदा यह भी है कि रक्तदान करते समय विभिन्न तरह के टेस्ट किए जाते हैं। अगर किसी व्यक्ति को कोई बीमारी है तो उसका भी पता चल जाता है। रक्तदान का महत्व हमको तब समझ में आता है जब हमारे किसी करीबी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है । और हम उपलब्ध नहीं करा पाते हैं, इसलिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा आगे आकर रक्तदान में भाग लेना चाहिए ताकि जरूरत के समय रक्त उपलब्ध हो सके। रक्तदान के प्रति मन में बैठी हुए गलत धारणाओं को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर भी दूर किया जा सकता है । रक्तदान दुनिया का सबसे बड़ा दान है जो जीवन बचाता है।



भारत में हर साल बीमारियों या गंभीर दुर्घटनाओं में घायल लोगों को करीब 1.20 करोड़ यूनिट खून की जरूरत पड़ती है।

इसमें से मात्र 90 लाख यूनिट रक्त ही उपलब्ध हो पाता है और करीब 30 लाख लोगों को समय पर खून नहीं मिल पाता है जबकि इस कमी को मात्र एक फीसद आबादी रक्तदान कर पूरा कर सकती है।

# बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 16 जून को

श्रीकंचपथ न्यूज

**बलरामपुर।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) योजना अंतर्गत 16 जून 2022 को प्रातः 10.00 बजे जिला चिकित्सालय बलरामपुर में 0 से 18 वर्ष के विभिन्न श्रेणी के चिन्हांकित बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया है कि शिविर में किम्स अस्पताल बिलासपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इको कार्डियोग्राफी मशीन से जांच किया जाएगा। जांच उपरांत बच्चों के हृदय रोग से ग्रसित पाए जाने पर उनका निःशुल्क इलाज भी किया जाएगा। अन्य रोग से ग्रसित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार जिला चिकित्सालय बलरामपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। किम्स अस्पताल बिलासपुर के शिशु रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरो विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा चिन्हांकित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। जिसमें मेडिसिन विभाग, हड्डी रोग, नेत्र, कान, नाक, गला व दंत चिकित्सक एवं फिजियोथेरेपिस्ट अपनी सेवाएं देंगे। जिले के विभिन्न विकासखण्डों में चिन्हांकित बच्चों को चिरायु दल के द्वारा पहले पुराना अस्पताल लाया जाएगा जहां उनका वनज, बी.पी., ऊंचाई व पंजीयन किया जाएगा।

# रामगढ़ की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक गौरव को सहेजने सरकार ने की पहल

श्रीकंचपथ न्यूज

**अम्बिकापुर।** आषाढस्य प्रथम दिवसे के अवसर पर दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष व लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। सर्व प्रथम अतिथियों के द्वारा वीणापाणी माता सरस्वती व भगवान श्री राम के प्रतिकृति पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। महोत्सव में कार्यक्रम का आगाज मानस मण्डलियों के द्वारा मानस गायन से हुआ।

इसके पश्चात डॉ निलिम्प त्रिपाठी की अध्यक्षता में शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव के रूप में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। महोत्सव में मानस गायन, शोध पाठ और कविता पाठ से पूरा रामगढ़ अनुगुंजित हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ प्रीतम राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रामगढ़ ऐतिहासिक, पुरातत्विक व धार्मिक महत्व का स्थल है। रामगढ़ की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक गौरव को सहेजने तथा पर्यटन के रूप में विकसित करने की दिशा में हमारी सरकार ने राम वन गमन पथ के माध्यम से पहल शुरू की है। भगवान श्री राम वनवास काल मे जहां-जहां से छत्तीसगढ़ में समय बिताये थे उन स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम को छत्तीसगढ़ में भांजा माना जाता है।

# कांग्रेस नेताओं व वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

श्रीकंचपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी और शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को शिवनाथ नदी रोड स्थित आनंद मंगलम में आयोजित नव संकल्प शिविर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं प्रमुख वक्ताओं ने कार्यकर्त्ताओं का मार्गदर्शन कर जोश भरा।



शिविर में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी एवं खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन,विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष व महापौर निर्मल कोसरे, पूर्व महापौर आरएन वर्मा,प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेन्द्र साहू, ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर, सभापति राजेश यादव,शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल,भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर,जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव,जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख,दुर्ग नगर पालिक निगम के एमआईसी सदस्य ऋषभ जैन(बाबू) के अलावा अन्य नेता शामिल हुए। नव संकल्प शिविर में कांग्रेस के नेताओं व वक्ताओं ने सत्ता और संगठन पर चर्चा की। इसके अलावा कृषि व खेतिहर मजदुरों की समस्याओं,सामाजिक न्याय व सशक्तिकरण, महंगाई, बेरोजगारी पर प्रकाश डाला।

साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर भूपेश सरकार के कार्यों का प्रचार करते हुए 2023 की चुनावी तैयारियों में जुटने एवं 2024 लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कांग्रेस को जिताने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलावाया गया। शिविर में कार्यकर्त्ताओं को भी अपने विचार रखने का अवसर दिया गया।

जिससे कार्यकर्ताओं ने जमकर शिकवा शिकायत की। संचालन जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष निर्मल कोसरे ने किया। नव संकल्प शिविर में एमआईसी सदस्य दीपक साहू,अब्दुल गनी,हमीद खोखर,मध्य ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अलताफ अहमद, दक्षिण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अजय मिश्रा,शहर कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर,कांत समर्थ, प्रकाश गीते, राजेश शर्मा, संदीप वोरा, रत्ना नारमदेव के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे।

### जिले में अलर्ट जारी, अस्पतालों में पर्याप्त दवाएं : झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें

# उमस व हल्की बारिश के कारण निकलने लगे सांप-बिच्छू काटने पर तुरंत करवाएं उपचार

श्रीकंचपथ न्यूज

**सूरजपुर।** शहर समेत जिलेभर में गर्मी और उमस के बाद तीन दिन पहले हुई हल्की बारिश के कारण सांप-बिच्छू निकलकर खुले में आने लगे हैं। वहीं जिले में सांप व बिच्छू काटने के मामले अभी तक एक भी सामने नहीं आया है स्वास्थ विभाग ने जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस सिंह ने कहा कि लोग सांप बिच्छू काटने पर झाड़-फूंक कराने के चक्कर में समय न गंवाए बल्कि समय पर मरीज को इलाज कराने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाएं। स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है कि जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त दवाई उपलब्ध है।

स्वास्थ्य विभाग की लोगों को सलाह

अंधेरे वाले जगहों पर न बैठें। सांप बिच्छू काटने पर झाड़ फूंक के चक्कर में समय बर्बाद न करें। तत्काल इलाज कराने अस्पताल लाएं। सांप इसने पर घबराएं नहीं बल्कि संयमित रहें। ज्यादा घबराने से व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। आबादी क्षेत्रों में सांप निकल रहे हैं, जो लोगों के लिए खतरा बन सकते हैं। ऐसे में सावधानी बरती जाए तो इनसे बचा जा सकता है। सांप-बिच्छू आमतौर पर जमीन के अंदर या बिल में रहते हैं। गर्मी और बारिश के समय ये खुले में आ जाते हैं। कई बार लोग सर्पदंश का शिकार हो जाते हैं। इन दिनों शहरों व ग्रामीण इलाकों में खेत खलिहान में छिपे जहरीले सर्प और बिच्छू बाहर निकल रहे हैं। ये खेतों के पास सड़कों पर हर रोज दिख रहे हैं। गलियों और घरों के आस-पास भी बिच्छू दिख रहे हैं।




ग्रामीण अंचलों में स्ट्रीट लाइट के अभाव में लोगों को अंधेरे में ही पैदल चलना पड़ता है। वहीं बिजली गुल होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गलियों और चौक-चौराहों के अंधेरे स्थान पर बैठकर बिजली आने का इंतजार करते हैं। भीषण गर्मी और उमस से बचने कई लोग जमीन पर भी सोते हैं ऐसे लोग कई बार बिच्छू व सर्पदंश का शिकार हो जाते हैं। गर्मी में इन जहरीले जीवों से ज्यादा खतरा रहता है। जिला अस्पताल सहित जिले सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उप स्वास्थ्य केंद्र में सांप-बिच्छू काटने की पर्याप्त दवाई है। किसी के साथ घटना हो जाए तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उपचार कराएं।

# सेवा सुसाशन एवं गरीब कल्याण पखवाड़ा सम्पन्न

श्रीकंचपथ न्यूज

**कोरबा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशलता पुर्वक 8 साल पूर्ण होने पर बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वास रैली जन चौपाल कार्यक्रम कटाईनार बांकीमोंगरा मंडल में 12 मई 22 को शाम 5 बजे आयोजित हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता पाटले प्रदेश मंत्री भाजपा अजा मोर्चा छत्तीसगढ़ अध्यक्षता सरजू अजय जिलाध्यक्ष भाजपा अजा मोर्चा कोरबा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वा.कार्यकर्ता मितानिन, सफाई मित्र बहनों को पुष्प गुच्छ, फल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया जिसमें स्वाण कार्यकर्ता श्रीमती अल्मा तिर्की, हेमलता पटेल, संध्या साहू, 2 मितानिन दृ अंबिका,रजनी,धन कुंवर, शकुंतला श्याम बाई बारे, 3 सफाई मित्र साधश्रीमती,तुलसी कर्ष,दरश बाई इन सभी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबलु डहरिया, राजेश लहरे, जिला महामंत्री भाजपा अजा मोर्चा कोरबा, लकेश्वर खूंटे, भाजपा मंडल महामंत्री बांकी मोंगरा, सुनील भटपहरे जिला उपाध्यक्ष अजा मोर्चा कोरबा, गुहाराम टंडन डॉ आरएल कुरे, विजय बंजारे राजा सुनील पाटले संतोष अनिल अजय इन सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दीपक बंजारे मंडल अध्यक्ष भाजपा अजा मोर्चा बांकी मोंगरा के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाया गया।



## खास खबर

### दो साल बाद सद्गुरु कबीर साहेब के प्रकटोत्सव पर शोभायात्रा में छाया उल्लास

**रायपुर ( ए )।** जातिपाति का भेदभाव मिटाने, भाईचारा, सद्भावना का संदेश दुनिया को देने वाले सद्गुरु कबीर साहेब का 625वां प्रकटोत्सव राजधानी में धूमधाम से मनाया गया। कोरोना काल के दो साल बाद निकाली गई शोभायात्रा में उल्लास छाया रहा। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक सत्यनारायण शर्मा और महापौर एजाज ढेबर ने पूजा-अर्चना, निशान पूजा करते हुए शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया। सद्गुरु कबीर प्रकट उत्सव समिति, आमिन माता महिला मंडल, नवयुवक मंडल एवं समस्त कबीर पंथी समाज के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न मोहल्लों की कबीर कुटियों में पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई। गुढ़ियारी, रामनगर, राजीव नगर, चूनाभट्ठी, मजदूर नगर, सरोरा, रांवाभाठा, बंजारी नगर, अमलीडीह में हजारों अनुयायी शामिल हुए। इंडोर स्टेडियम के पास शहर जिला साहू संघ और आकाशवाणी तिराहा के पास कबीर चौक पर पूजा-अर्चना एवं निशान करके मंत्रियों, जनप्रतिनिधि ने स्वागत किया।

#### संत कबीर के दिखाए मार्ग पर चलने से कल्याण

दोपहर को शहीद स्मारक भवन में सत्संग-भजन कार्यक्रम में दामाखेड़ा से पधारे राजू साहेब एवं सोहन लाल साहू की मंडली ने कबीर वाणी की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब के बताए मार्ग पर चलने से सबका कल्याण होगा। उनकी वाणियों को अंगीकार करने से मानव समाज में विवाद ही नहीं होगा। हिंदू, मुस्लिम या अन्य सांप्रदायिक लड़ाई नहीं होगी। सद्गुरु कबीर ने सत्य और अहिंसा का मार्ग बताया एवं रुढ़िवाद, पाखंड को खत्म करके जनमानस को जीने एवं मुक्ति का मार्ग बताया। पूर्व प्राचार्य सुखदेव राम साहू ने कहा कि कबीर की वाणी से कर्म के साथ भक्ति का मार्ग खुलता है। संत कबीर ने भक्ति को साधकर समाज से जोड़ने की कोशिश की।

### बिजली सुरक्षा, दुर्घटना से बचाव और सावधानियों को लेकर दी जानकारी

**रायपुर।** बिजली सुरक्षा, दुर्घटना से बचाव और सावधानियों को लेकर डंगनिया परिसर स्थित ऑफिसर्स क्लब सभागार में कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अधीक्षण अभियंता नगर वृत्त एक मनोज वर्मा ने सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट और दस्ताने के उपयोग के साथ विद्युत सुरक्षा को लेकर विस्तृत जानकारी दी। एएन दुबे ने लाइन में काम करते समय डिस्चार्ज राड की महत्ता के बारे में बताया। वहीं अधीक्षण अभियंता नगर वृत दो आरके बंझोर ने विद्युत सुरक्षा के संबंध में कार्य अनुभव के साथ जानकारी साझा की। बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे के निर्देश पर संभाग स्तर पर विद्युत दुर्घटना से बचाव के साथ सावधानी बरतने कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में कार्यपालन यंत्री नगर संभाग पश्चिम सतीश शर्मा, कार्यपालन यंत्री नगर संभाग मध्य वीके तिवारी, कार्यपालन यंत्री नगर संभाग पूर्व एन बिम्बिसार, कार्यपालन यंत्री नगर निर्माण संभाग एसके चंद्राकर, कार्यपालन यंत्री एटीएम डीके साहू समेत सभी बिजली अधिकारियों ने बिजली सुरक्षा के नियमों, सावधानियों का पूरी तरह से पालन करने की शपथ ली। रेंज स्तरीय गठित ड्रग डिस्पोजल समिति ने सोमवार को सिलतरा स्थित प्लांट में जिला रायपुर के सभी थानों में जब्त एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मादक पदार्थों का नष्टीकरण अधिनियम के प्रविधानों के अंतर्गत किया गया। इसमें गांजा, अफीम, ब्राउन शुगर समेत कई नशीले पदार्थ शामिल थे।

नष्टीकरण के प्रक्रिया के दौरान गांजा के 137 प्रकरणों में जब्त 2,477 किलोग्राम, गांजा पौधा के दो प्रकरणों में 6.5 किलोग्राम, डोडा के छह प्रकरणों में 65 किलोग्राम, अफीम के एक प्रकरण में जब्त 500 ग्राम, मादक पदार्थ युक्त सिरप के तीन प्रकरणों में 539 नग, नशीली टेबलेट के पांच प्रकरणों में 2396 नग, ब्राउन शुगर के तीन प्रकरणों में जब्त 116 ग्राम जब्त मादक पदार्थ का नष्टीकरण किया गया, जिसे विधि सम्मत तरीके से नष्टीकरण किया गया।

# स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोग आगे आएंः सुश्री उइके

### राज्यपाल ने स्वैच्छिक रक्तदाताओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ शाखा की अध्यक्ष सुश्री अनुसुईया उइके ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आज राजभवन में प्रदेश के सभी जिलों से आए स्वैच्छिक रक्तदाताओं एवं रेडक्रास सोसायटी को सहयोग देने वाली 60 स्वयंसेवी संस्थाओं एवं उच्च शैक्षणिक संस्थाओं को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ शाखा द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था की वेबसाईट का शुभारंभ एवं त्रैमासिक पत्रिका के प्रथम अंक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा बीजापुर जिले के लिए एक एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया।




सुश्री उइके ने कहा कि आधुनिक विज्ञान ने काफी तरक्की की है, लेकिन आज तक विज्ञान के द्वारा न तो मानव रक्त का विकास किया जा सका है न ही इसका किसी प्रकार का कोई विकल्प तैयार किया जा सका है। जब भी खून की जरुरत पड़ती है इसे मानव शरीर से ही प्राप्त करना पड़ता है। रक्त हमारे शरीर का एक ऐसा तत्व है जिसका जीवनकाल 90 दिनों का ही होता है और इसके उपरांत यह शरीर में नया बनना प्रारंभ हो जाता है। इसके नष्ट होने से पहले किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए दान देने वाले आप सभी रक्तदाता धन्य हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी अधिकाधिक मात्रा में रक्त के एक भाग प्लाज्मा की जरूरत पड़ी थी। तब भी इसकी जरूरत के लिए लोगों से इसके दान की अपील की गई थी। राज्य में जरूरतमंद मरीजों को रक्त की पूर्ति के लिए यह आवश्यक है कि आप जैसे रक्तदाताओं एवं रक्तदान के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं से प्रभावित होकर अधिक से अधिक संख्या में लोग जागरुक हों और स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आएं।

उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में इलाज के लिए मरीजों को हर साल करीब 3 लाख यूनिट खून की आवश्यकता होती है परंतु राज्य के ब्लड बैंकों से लगभग 30 प्रतिशत ही पूर्ति हो पाती है। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ शाखा के कार्यों की सराहना की और कहा कि रेडक्रॉस ब्लड सेंटर रक्त की उपलब्धता के लिए निरंतर अपना योगदान दे रहा है। रेडक्रॉस ब्लड सेंटर रक्त के बदले रक्त की मांग नहीं करता है, और ना ही कोई अतिरिक्त चार्ज लेता है। रेडक्रॉस का मरीजों के लिए किया जा रहा यह कार्य निश्चय ही सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि लोगों के सहयोग और संस्थाओं के प्रयास से राज्य के प्रत्येक जिले में रेडक्रॉस के एक आधुनिक ब्लड सेंटर की स्थापना की जा सकेगी, ताकि लोगों को सुरक्षित रक्त उपलब्ध हो सके।

कार्यक्रम को राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो ने संबोधित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ शाखा द्वारा जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने के अलावा अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौर में भी रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ के स्वयंसेवक लगातार मरीजों की सेवा एवं उन्हें सामग्री पहुंचाने में लगे रहे। उन्होंने बस्तर के अलेक्जेंडर एम. चेरियन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कोविड महामारी के भयंकर दौर में भी कोरोना से मृत व्यक्तियों का अंतिम संस्कार किया, जब उनके परिजन भी इससे डर रहे थे। इस सेवाभावी कार्य के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर रेडक्रॉस मेरिट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। पूरे देश में 6 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया था, जिसमें चेरियन भी शामिल है। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ शाखा के सचिव ी प्रणव सिंह ने संस्था की गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, राज्यपाल के उप सचिव दीपक कुमार अग्रवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी सहित शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों, उच्च शैक्षणिक संस्थानों के कुलपति, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं स्वैच्छिक रक्तदाता उपस्थित थे।

#### जरूरतमंदों को आवश्यकता पड़ने पर तत्काल खून उपलब्ध हो

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह अत्यंत पुण्य का कार्य है। रक्तदान के जरिए एक व्यक्ति दूसरों को नई जिंदगी देता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आएं और इस नेक कार्य में रेडक्रॉस सोसायटी का सहयोग करें। आप रक्तदान कर न केवल उस मरीज की जान बचाते हैं बल्कि उस मरीज के परिवार को भी नया जीवन देते हैं, क्योंकि एक व्यक्ति के जीवन से बहुत सारे लोगों का जीवन और उनकी भावनाएं जुड़ी होती हैं। उन्होंने रक्तदाताओं एवं रक्तदान से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं को इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं को अपने परिसर में कैम्प लगाकर सभी विद्यार्थियों का रक्त परीक्षण कर उनके रक्त समूह एवं टेलीफोन नंबर की एक समग्र सूची बनाना चाहिए, जिससे रेडक्रॉस को एवं जरूरतमंदों को आवश्यकता पड़ने पर तत्काल खून उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि आज भी इस दिशा में जनजागरूकता की कमी है और दूरदराज के इलाकों में खून की जरूरत पड़ने पर लोगों को भटकना पड़ता है। सुश्री उइके ने प्रदेश की स्वयंसेवी संस्थाओं की सराहना की और कहा कि प्रदेश के सुदूर इलाकों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता लाने के कार्य किये जाने चाहिए।

छत्तीसगढ़ के 383 हज यात्री 24 जून को रवाना होंगे

# राज्य की हज कमेटी देश में हज यात्रियों को उच्च स्तरीय सेवाएं देने वाली राज्य हज कमेटी में शुमारः मंत्री डॉ. टेकाम

### हज यात्रियों का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम छत्तीसगढ़ से जाने वाले हज यात्रियों के लिए आयोजित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण दो साल बाद हज पर जाने का मौका मिल रहा है। इस बार छत्तीसगढ़ से 383 हज यात्री रवाना होंगे, जिसमें 203 पुरूष एवं 180 महिलाएं शामिल है। हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई से प्राप्त फ्लाईट अलॉटमेंट के अनुसार राज्य के हज यात्री मुंबई ईम्बारकेशन प्वाइंट से 24 जून को रवाना होंगे एवं हज यात्रा के बाद इनकी वापसी 2 अगस्त को मुंबई ईम्बारकेशन प्वांइट से होगी।

मंत्री डॉ. टेकाम ने राज्य हज कमेटी द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर के पीछे स्थित स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में आयोजित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम में हज यात्रियों को हज किट, फर्स्ट एड किट का वितरण भी किया।



मंत्री डॉ. टेकाम ने हज 2022 के लिए प्रदेश से जाने वाले सभी हज यात्रियों को मुबाकरबाद देते हुए कहा कि आप इस्लाम के एक अहम फर्ज की अदायगी के लिए जा रहे है। इस मुबारक मौके पर सच्चे दिल से की जाने वाली इबादत में, सबकी बेहतरी की दुआ होती है। हज के मुकाबर सफर का जिनको मौका मिला है, उनकी दिली तमन्ना पूरी हो रही है। डॉ. टेकाम ने हज यात्रियों से गुजारिश कि, हज यात्रा के दौरान अहम स्थानों पर छत्तीसगढ़ राज्य की तरक्की और खुशहाली तथा भारत एवं पूरी दुनिया के लिए सुख-शांती और समृद्धि की दुआ मांगे।

मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की लगातार कोशिश है कि प्रदेश के हज यात्रियों का बेहतर सुविधाएं मिले। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा राज्य हज कमेटी को हर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की हज कमेटी का नाम देश में हज यात्रियों को उच्च स्तरीय सेवाएं देने वाली राज्य हज कमेटियों में शुमार किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं का अनुसरण, स्वयं केन्द्रीय हज कमेटी एवं देश की अन्य राज्य के हज कमेटियों द्वारा किया जा रहा है। देश के पहले, हज गाईड मोबाईल एप्लीकेशन का प्रारंभ, निःशुल्क ऑनलाईन हज आवेदन करने की सुविधा, हाजियों को हज किट, फर्स्ट एड किट देने वाली हमारी हज कमेटी पूरे देश में प्रथम है। मंत्री डॉ. टेकाम ने प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों के लिए दुआ करते हुए कहा कि आपका सफरे हज आसान हो, हज यात्रा की आप सभी को पुनः दिली मुबारक बाद।

राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम खान ने छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी की ओर से सभी हज यात्रियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि हज यात्रा में कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करें। राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा थी कि राज्य से अधिक से अधिक लोग हज पर जाएं। उनकी ख्वाहिश के मुताबिक इस बार बिना कुर्राह के सभी आवेदकों को यात्रा का अवसर मिला है।

# सीएम बघेल ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ की उपलब्धि पर खिलाड़ियों को दी बधाई

### खेलों के राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ का दबदबा

#### दो स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 11 पदक जीते

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ के पदक विजेता सहित प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। खेलों के इस राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ राज्य का दबदबा रहा। इसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक तथा 6 कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक हासिल किए। गौरतलब है कि हरियाणा के पंचकुला में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ राज्य से 13 खेलों के 122 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री बघेल ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे हमारा छत्तीसगढ़ राज्य राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ''खेलबो......जीतबो..........गढ़बो ...नवा छत्तीसगढ़'' की परिकल्पना को साकार करने हर संभव पहल की जा रही है। जिससे प्रदेश का मान बढ़ाने वाले हर हुनरमंद खिलाड़ियों को कोई परेशानी न हो और वे अपनी प्रतिभा का अच्छा से अच्छा प्रदर्शन कर सके। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ को पहला स्वर्ण पदक वेटलिफ्टिंग में मिला। इनमें ज्ञानेश्वरी यादव ने 164 किलोग्राम वजन उठाकर अपने पुराने रिकार्ड को ब्रेक करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के राजा भारती ने कुल 211 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता है। इसी तरह मलखंभ में 1 और स्वर्ण पदक सरिता पोयाम को प्राप्त हुआ। मलखंभ में ही सरिता पोयाम ने एक कांस्य पदक, मोनू नेताम ने 2 रजत पदक तथा बालिका दल ने 1 कांस्य पदक और बालक दल ने 1 कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा गतका में रणवीर ने (व्यक्तिगत) 1 रजत पदक तथा छत्तीसगढ़ राज्य के गतका दल ने 1 कांस्य पदक और कलारीपयतु में साधिका दुबे ने 1 कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया।

# मानसून की सक्रियता बढ़ी, दो दिनों में बस्तर में भारी वर्षा की चेतावनी

**रायपुर ( ए )।** प्रदेश में मानसून का इंतजार है, जिसके कुछ दिनों में पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। मौसम का मिजाज भी बदलने लगा है। पश्चिम गुजरात तक मानसून पहुंच चुका है। प्रदेश के बस्तर संभाग के कुछ जिलों में दो दिनों में भारी बारिश हो सकती है। साथ ही कुछ क्षेत्रों में बिजली गिरने की आशंका है। अभी मौसम का रुख इस प्रकार ही बना रहेगा।

राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मंगलवार को अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। रायपुर का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक है। प्रदेश में सर्वाधिक गर्म एडब्लयूएस बिलासपुर रहा, यहां का तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम का मिजाज थोड़ा बदलने से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार को प्रदेश के विभिन्न् क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। साथ ही कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा के आसार है। दक्षिण पश्चिम मानसून की सक्रियता अब बढ़ने लगी है। आने वाले कुछ दिनों में प्रदेश में मानूसन दस्तक देने वाला है।

#### इन क्षेत्रों में हुई बारिश

पथरिया में छह सेमी, कोंडागांव में तीन सेमी और चांपा में एक सेमी बारिश दर्ज की गई है। इसके साथ ही प्रदेश के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश दर्ज की गई है।

#### यह बन रहा सिस्टम

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पूरब पश्चिम द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से मणिपुर तक है। साथ ही उत्तर दक्षिण द्रोणिका उत्तर प्रदेश से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किमी ऊंचाई तक है। इसके प्रभाव से बुधवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। साथ ही कुछ क्षेत्रों में अंधड़ चलने के साथ बिजली भी गिर सकती है।

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटरप्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट कैम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
| | फुल | हाफ |
|---|---|---|
| वेज मोमोस | 40/- | 20/- |
| मनचुरियन मोमोस | 50/- | 30/- |
| पनीर मोमोस | 60/- | 30/- |
मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# आमिर खान की 'लगान' को 21 साल पूरे, कई फिल्मों को पछाड़ हासिल किए थे इतने अवॉर्ड

आमिर खान बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट हैं, जिन्होंने हिंदी सिनेमा की एक से एक हिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेता बेशक एक फिल्म को सिनेमाघरों तक लाने में एक से दो साल का समय लगा देते हैं, लेकिन जब आमिर खान की फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होती है, तो बॉक्स ऑफिस पर धमाल मच जाता है। कुछ ऐसा फिल्म 'लगान' के समय भी हुआ था, जिसमें एक ऐसे गांव की कहानी दिखाई गई थी, जहां रहने वाले लोग लगान के बोझ तले दबे पड़े थे और उससे मुक्ति पाने के लिए गांव के लोगों ने सीधे-सीधे अंग्रेजों का सामना किया था। 15 जून 2001 को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म को आज रिलीज हुए 21 साल पूरे हो गए हैं। बॉलीवुड गलियारों में इस फिल्म से जुड़े अनेक किस्से हैं और यही कहानी फिल्म को मिले अवॉर्ड से जुड़ी हुई भी है।



### क्या है फिल्म की कहानी

'लगान' एक काल्पनिक फिल्म है, जिसमें ब्रिटिश भारत के एक गांव की कहानी दिखाई गई है। इस गांव में रहने वाले लोग अंग्रेजों को लगान देने की वजह से परेशान हैं, लेकिन फिल्म में एक ऐसा मोड़ भी आता है, जब अंग्रेज गांव वालों को लगान से मुक्त करने की बात करते हैं, लेकिन वे गांव के लोगों के सामने क्रिकेट मैच खेलने की शर्त रखते हैं। इसके बाद गांव वालों और अंग्रेजों के बीच क्रिकेट मैच होता है। इस बीच फिल्म में ऐसे काफी सीन हैं, जो आपका दिल छू लेंगे। साथ ही, शानदार गाने भी हैं।

### लगान की झोली में बंपर अवॉर्ड

दुनियाभर में क्रिकेट पर कई फिल्में बनी हैं, लेकिन अपनी अलग कहानी की वजह से 'लगान' दुनियाभर में मशहूर है। रिलीज के बाद इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की थी। साल 2001 में इस फिल्म ने भारत में लगभग 53 करोड़ (2020 के मुताबिक- लगभग 186 करोड़) का शानदार कलेक्शन किया था। कमाई के साथ-साथ इस फिल्म ने एक के बाद एक कई अवॉर्ड भी अपने नाम किए थे, जिसमें आईफा, फिल्मफेयर से लेकर नेशनल अवॉर्ड तक शामिल हैं।

### शानदार स्टार कास्ट से सजी थी फिल्म

आशुतोष गोवारिकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी स्टार कास्ट की वजह से भी चर्चा में थी। इस फिल्म में एक-दो नहीं बल्कि कई कलाकार थे, जो मुख्य भूमिका निभा में रहे थे। आमिर खान के अलावा, फिल्म में कुलभूषण खरबंदा, रघुवीर यादव, राजेश विवेक, प्रदीप रावत, दया शंकर पांडे जैसे कलाकर एक साथ नजर आए थे। वहीं, फिल्म में आमिर खान के साथ ग्रेसी सिंह की जोड़ी बनी थी। इनके अलावा, फिल्म में रैचेल शैली ने भी खूबसूरत भूमिका निभाई थी।

# इंतजार खत्म! रिलीज हुआ 'ब्रह्मास्त्र' का धांसू ट्रेलर, दिखा रणबीर कपूर का अलहदा अंदाज



**अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी पौराणिक कथाओं पर आधारित फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अमिताभ बच्चन की आवाज और रणबीर कपूर की झलक के साथ शुरू हुए इस ट्रेलर में महाबली और सर्व शक्तिशाली अस्त्र को ढूंढने की कहानी बताई गई है। लव, रोमांस, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर इस फिल्म में अस्त्रों के देवता 'ब्रह्मास्त्र' की शक्तियों का एहसास कराने की कोशिश की गई है।**

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के अलावा इस फिल्म के ट्रेलर में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, साउथ के सुपरस्टार नागार्जुन और जानी-मानी अदाकारा मौनी रॉय की झलक देखने को मिल रही है। ट्रेलर देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 'ब्रह्मास्त्र' में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के किरदारों के बीच होने वाले प्रेम से लेकर ब्रह्मास्त्र के लिए होने वाले युद्ध तक की कहानी दिखाई जाएगी। ट्रेलर में कई शस्त्रों से जो मिलकर बनता है उसे 'ब्रह्मास्त्र' कहा गया है और इस ब्रह्मास्त्र से रणबीर कपूर का सीधा कनेक्शन दिखाया गया है। फिल्म में शिवा का किरदार निभा रहे रणबीर कपूर को शुरुआत में अपनी शक्तियों का एहसास नहीं होता है। वह आग के पास जाता तो है लेकिन आग उसे जलाती नहीं है। जिसकी वजह से रणबीर कपूर को लगता है कि आग के साथ उसका पुराना रिश्ता है। 'ब्रह्मास्त्र' से अंजान शिवा आलिया भट्ट से प्यार करने लगता है। लेकिन 'ब्रह्मास्त्र' की खोज में निकली अंधेरे की रानी, रणबीर कपूर उर्फ शिवा तक पहुंच जाती है। शिवा के अलावा अन्य किरदार अंधेरे की रानी से ब्रह्मास्त्र की रक्षा करते हैं। लेकिन ब्रह्मास्त्र को गलत हाथों में जाने से रोकने के लिए अग्नि शस्त्र यानी रणबीर कपूर का होना जरूरी है। ऐसे में गुरु की भूमिका निभा रहे अमिताभ बच्चन, रणबीर को कदम-कदम पर रास्ता दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। अब देखना यह होगा कि क्या शिवा अपने प्यार के लिए अंधेरे की रानी को हरा पाता है? फिल्म की बात करें तो 'ब्रह्मास्त्र' पैन इंडिया लेवल पर तीन पार्ट में रिलीज होगी। रणबीर और आलिया के अलावा, फिल्म में मौनी रॉय, अमिताभ बच्चन, नागुर्जन और डिंपल कपाड़िया अहम किरदार में हैं। बीते दिनों ही नागार्जुन और अमिताभ बच्चन का लुक मेकर्स ने शेयर किया है, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। यह फिल्म 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सिनेमाघरों में जल्द धमाल मचाएंगे 'पुष्पाराज', शुरू हो रही है 'पुष्पा 2' की शूटिंग

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पा द राइज' ने रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। सुकुमार के निर्देशन में बनी यह फिल्म लोगों को काफी पसंद आई थी। इस फिल्म से अल्लू अर्जुन का किरदार 'पुष्पाराज' इतना हिट हुआ कि देखते ही देखते पुष्पा ने हिंदी पट्टी में 100 करोड़ का बिजनेस कर डाला। वहीं, दुनियाभर में फिल्म ने 300 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। पुष्पा के बाद अब फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है।



पुष्पा के अगले पार्ट का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अल्लू अर्जुन अगले महीने से फिल्म 'पुष्पा द रूल' की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, निर्देशक सुकुमार ने पुष्पा के सीक्वल की स्क्रिप्ट पर काम पूरा कर लिया है। मेकर्स ने फिल्म का बजट भी सेट कर दिया है और इसकी शूटिंग जुलाई के अंत तक शुरू होने की संभावना है।

बता दें कि पूरे देश में पुष्पा - द राइज़ की भारी सफलता के बाद टीम का मानना था कि इसकी स्क्रिप्ट में कई बदलावों की जरुरत है। यही वजह थी कि निर्देशक सुकुमार पुष्पा - द रूल के लिए कहानी को फिर से लिखने में व्यस्त थे। वहीं, खबर है कि पुष्पा 2 में अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री के बड़े कलाकार नजर आ सकते हैं। ऐसा इस फिल्म के लिए दर्शकों का दायरा बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'आरआरआर' और 'केजीएफः चैप्टर 2 जैसी दक्षिण भारतीय फिल्मों की बड़ी सफलता के बाद सुकुमार पर फिल्म में मास एलिमेंट डालने का दबाव काफी बढ़ गया है, जिससे यह फिल्म दक्षिण और उत्तर भारत दोनों दर्शकों को पसंद आए। फिलहाल, पुष्पा टीम की तरफ से प्री-प्रोडक्शन या शूटिंग शेड्यूल की कोई जानकारी नहीं दी गई है। अल्लू अर्जुन के फैंस अभी भी इस फिल्म की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं।

## करणवीर बोहरा समेत छह लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ केस, धोखाधड़ी का लगा आरोप

अभिनेता करणवीर बोहरा और उनकी पत्नी तजिंदर सिद्धू यानी टीजे सिद्धू के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक अभिनेता ने 40 वर्षीय महिला से 1.99 करोड़ रुपये लेकर 2.5 फीसदी ब्याज पर पैसे लौटाने का वादा किया था। लेकिन अभिनेता ने अब तक केवल 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ही वापस की है। महिला ने आरोप लगाया है कि जब उसने राशि मांगी तो बोहरा और उसकी पत्नी तजिंदर सिद्धू ने ठीक से जवाब नहीं दिया और उसे गोली मारने की धमकी दी। जिसके बाद झांसा देकर ठगी करने के आरोप में अभिनेता करणवीर समेत 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

### सम्राट पृथ्वीराज ने 11 दिन में कमाए 65 करोड़ः डायरेक्टर ने बताया-

# अक्षय ने कहा था फिल्म नहीं चली तो वापस से 'मसाला' फिल्में ही करूंगा

एक्टर अक्षय कुमार और मानुषी छिल्लर स्टारर 'सम्राट पृथ्वीराज' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फेल हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 300 करोड़ रुपए के बिग बजट में बनी यह फिल्म 11 दिन में इंडिया से करीब 65 करोड़ रुपए ही कमा पाई है। फिल्म के खराब प्रदर्शन के बीच डायरेक्टर डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया कि अक्षय ने एक बार उनसे कहा था कि अगर दर्शकों को 'सम्राट पृथ्वीराज' पसंद नहीं आई और उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया, तो वे वापस हाउसफुल और राउडी राठौर जैसी नॉन कंट्रोवर्शियल फिल्में करना चालू कर देंगे।


डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने फिल्म की विफलता प्रोड्यूसर्स को कैसे प्रभावित करती है, इस बारे में बात करते हुए कहा, अगर कोई फिल्म फ्लॉप हो जाती है, तो प्रोड्यूसर्स निराश हो जाते हैं। यशराज फिल्म्स की यह पहली ऐतिहासिक फिल्म है। यदि यह सफल हो जाती है, तो वे ऐसी और फिल्में बनाएंगे। नहीं तो उनका ऑर्गेनाइजेशन नियमित रूप से फिल्में बना रहा है और वे फिर वापस वैसी ही फिल्में बनाएंगे, जैसी वो बनाते आ रहे हैं।

### 'सम्राट पृथ्वीराज' नहीं चली तो वापस 'मसाला' फिल्में करेंगे अक्षय

इसके बाद डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने आगे कहा, मुझे याद है कि अक्षय ने मुझे व्यक्तिगत रूप से और यहां तक कि इंटरव्यू में भी कहा था कि 'मैं राउडी राठौर और हाउसफुल जैसी फिल्में कर रहा था, ऐसी फिल्में ज्यादा बिजनेस करती हैं। मैंने 'सम्राट पृथ्वीराज' के साथ एक एक्सपेरिमेंट किया है। अगर लोग इसे रिजेक्ट करते हैं, तो चिंता की कोई बात नहीं है। मैं वापस से हाउसफुल और राउडी राठौर जैसी 'मसाला' फिल्में बनाऊंगा, जो में पहले कर रहा था। लोग ऐसी चीजें देखना चाहते हैं, जिनका कोई विवाद न हो। फिर मैं वही करूंगा'।

### 11 दिन में इंडिया से 65 करोड़ का बिजनेस किया

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के कलेक्शन में पहले हफ्ते की तुलना में दूसरे हफ्ते 82 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। इस फिल्म ने दूसरे हफ्ते के चौथे दिन यानी 11वें दिन (सोमवार) 1 करोड़ रुपए का बिजनेस भी नहीं कर पाई है। इससे पहले फिल्म ने दूसरे हफ्ते के तीसरे दिन (रविवार) 3.25 करोड़, दूसरे दिन (शनिवार) 2.50 करोड़ और पहले दिन (शुक्रवार) 1.50 करोड़ रुपए की कमाई की थी।



वहीं फिल्म ने पहले हफ्ते यानी 7 दिन में 55.05 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। इस हिसाब से फिल्म 11 दिन में इंडिया से अब तक 65 करोड़ से भी कम का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन ही कर पाई है। ट्रेड एनालिस्टों का मानना है कि यह फिल्म लाइफटाइम 100 करोड़ रुपए की कमाई भी नहीं कर पाएगी। ऐसे में इस फिल्म को फ्लॉप ही माना जा रहा है।

### फिल्म ने वर्ल्ड वाइड 70 करोड़ कमाए

4,950 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज हुई इस फिल्म की कमाई सुस्त होने के कारण दुनिया भर में अब इसके लगभग सभी शोज कैंसिल भी किए जा चुके हैं। वहीं वर्ल्ड वाइड यह फिल्म 70 करोड़ का बिजनेस भी नहीं कर पाई है। ऐसे में फिल्म के मेकर्स के लिए अपने 300 करोड़ रिकवर कर पाना नामुमकिन ही है। इसका मतलब यह है कि मेकर्स को सिधे तौर पर इस फिल्म से 100 करोड़ से ज्यादा का नुकसान तो होने ही वाला है।

### मेकर्स को होगा 110 करोड़ का नुकसान

हालांकि, फिल्म की ओटीटी रिलीज के लिए मेकर्स पहले ही मोटी रकम वसूल कर चुके हैं। लेकिन, इससे भी नुकसान की भरपाई नहीं होने वाली है। किसी भी फिल्म के प्रॉफिट में जाने के लिए प्री-रिलीज बिजनेस काफी मायने रखता है। 'सम्राट पृथ्वीराज' की बात करें तो फिल्म ने कथित तौर पर ओटीटी और सैटेलाइट राइट्स डील के जरिए करीब 120 करोड़ की कमाई की थी। लेकिन, यह आंकड़ा भी फिल्म के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकता है। क्योंकि फिल्म के प्री-रिलीज बिजनेस 120 करोड़ और बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 70 करोड़ को जोड़ भी दें, तो टोटल 175 करोड़ रुपए ही होता है। इस हिसाब से भी फिल्म को 110 करोड़ रुपए का नुकसान तो हो ही रहा है। यही वजह है कि इस फिल्म को फ्लॉप माना जा रहा है।

बता दें कि हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा 'सम्राट पृथ्वीराज' में भारत के वीर योद्धा रहे महान सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जिंदगी की कहानी को दिखाया गया है। अक्षय फिल्म में पृथ्वीराज चौहान के रोल में नजर आ रहे हैं। वहीं मानुषी छिल्लर सम्राट पृथ्वीराज की पत्नी और महारानी संयोगिता का किरदार में दिख रही हैं। पृथ्वीराज' को डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने लिखा और डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में अक्षय-मानुषी के अलावा संजय दत्त, सोनू सूद, साक्षी तंवर, आशुतोष राणा, ललित तिवारी और मानव विज भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए हैं। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म को यश राज फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। YRF ने इस फिल्म से हिस्टोरिकल जॉनर में डेब्यू किया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XIth XIIth B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कलेक्टर ने डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में किया रक्तदान

**जगदलपुर।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर कलेक्टर रजत बंसल ने आज डिमरपाल स्थित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया। उन्होंने इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। कलेक्टर बंसल ने इस अवसर पर रक्तदाताओं से बातचीत भी की। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण रक्तदाताओं को देखकर कलेक्टर ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में पहुंचने वाले गंभीर मरीजों की जरूरत को देखते हुए निश्चित तौर पर यहां रक्त की अधिक आवश्यकता है। रक्तदान के प्रति युवाओं में आ रही जागरूकता के कारण वे यहां उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं। डिमरापाल शासकीय मेडिकल कॉलेज और महारानी अस्पताल में रक्तदान शिविर के अयोजन में रेडक्रॉस सोसायटी और युवोदय के स्वयं सेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### राधा कृष्ण मंदिर निर्माण भूमिपूजन में शामिल हुए संसदीय सचिव एवं क्रेडा अध्यक्ष

**जगदलपुर।** विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने मंदिर निर्माण हेतु पांच लाख रुपए देने की घोषणा की मिलन संघ आड़ावाल के लिए निर्माण किए जा रहे राधा कृष्ण मंदिर के भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह में शामिल हुए विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन एवं छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय उर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार भव्य रूप से बनेगा राधा कृष्ण मंदिर जिसकी लंबाई 116 फिट चौड़ाई 36 फिट एंवं उंचाई 90 फिट होगी। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की मिलन संघ आड़ावाल द्वारा जो यह भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है वह अपने आप में सराहनीय है मिलन संघ आड़ावाल द्वारा इस क्षेत्र में मंदिर निर्माण से यह क्षेत्र धर्मावलंबियों के लिए तीर्थ के रूप में विकसित हो सकेगा हमारी सरकार भी कृष्ण जन्माष्टमी को सभी नगरीय क्षेत्र में कृष्ण कुंज का निर्माण करवा रही है जिसमें एक एकड़ जमीन पर पौधारोपण किया जाएगा। संसदीय सचिव रेखचंद जैन,जगदीश मंडल,मणिराम,धरमु मंडावी एवं विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बैंक रेरा द्वारा पंजीकृत हाउसिंग प्रोजेक्ट को ही प्राथमिकता के साथ ऋण प्रदान करें : विवेक ढांड

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के अध्यक्ष विवेक ढांड ने बैंकर्स, चार्टड एकाउन्टेड तथा बिल्डर्स की बैठक ली। राजधानी के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए श्री ढांड ने कहा कि बैंक उन्हीं हाउसिंग प्रोजेक्ट को प्राथमिकता से ऋण प्रदान करें जो रेरा द्वारा पंजीकृत हो।**



साथ ही बैंक उपभोक्ताओं को भी रेरा में पंजीकृत संपत्तियों को आसानी से तथा प्राथमिकता से ऋण प्रदान करें ताकि अपंजीकृत प्रोजेक्ट से आम उपभोक्ता बचे। ऐसे अपंजीकृत प्रोजेक्ट में निवेश करना जोखिम भरा होता है।

श्री ढांड ने रेरा एक्ट के महत्व एवं क्रियान्वयन को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारे देश में रियल स्टेट सेक्टर में दिनों-दिन वृद्धि हो रही है इसका देश के जीडीपी में 6 प्रतिशत का योगदान था आने वाले 6-7 वर्षों में यह योगदान 10 प्रतिशत हो जाएगा। उन्होंने कहा रेरा के गठन के पहले छत्तीसगढ़ के रियल स्टेट सेक्टर में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की कमी थी परन्तु इसके गठन के पश्चात उत्तरदायित्व में वृद्धि हुई है। केन्द्र सरकार और मानवीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद रियल स्टेट सेक्टर को नियमित करने की आवश्यकता समझी गई इससे ही रेरा एक्ट का जन्म हुआ।


उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में आम लोगों की आय बढ़ने से हाउसिंग सेक्टर में भी वृद्धि होगी। रेरा ने रियल स्टेट सेक्टर को नियमित करने का कार्य किया है जिससे ग्राहकों और निवेशकों को कोई परेशानी न हो। इससे इस क्षेत्र में पारदर्शिता आई है। रियल स्टेट सेक्टर में पारदर्शिता आने से निजी क्षेत्रों में विश्वसनीयता बढ़ी है, इससे उपभोक्ता प्राइवेट बिल्डर्स के साथ-साथ हाउसिंग बोर्ड के मकानों में रूचि दिखा रहे है। श्री ढांड ने कहा इस बार छत्तीसगढ़ सरकार रियल स्टेट सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। जमीन की गाइडलाइन पिछले तीन वर्षों से नहीं बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि रेरा हर हाउसिंग प्रोजेक्ट पर बारीकी से नजर रखता है जिससे उपभोक्ता की रूचि हाउसिंग बोर्ड और निजी क्षेत्र के प्रोजेक्ट पर बनी रहे। रेरा द्वारा अनुमोदित प्रोजेक्ट गुणवत्ता मानक के रूप में माने जाते है। श्री ढांड ने कहा उपभोक्ताओं की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। अभी तक 1496 शिकायतों का निवारण हो चुका है। रेरा डिजिग्नेटेड अकाउंट के माध्यम से हर प्रोजेक्ट पर नजर रखी जाती है। बैंकर्स और सीए की मदद से सुनिश्चित किया जाता है कि जो पैसा रेरा डिजिग्नेटेड अकाउंट में स्थानांतरित किया गया है वो सिर्फ प्रोजेक्ट के कार्यों के लिए ही उपयोग हो। श्री ढांड ने छत्तीसगढ़ आवास योजना (सिंगल विंडो सिस्टम) के महत्व के संबंध में भी बताया। पहले इससे जुड़े प्रोजेक्ट की अनुमति प्राप्त करने में करीब 18 महीने लग जाते थे अब 6 महीने में अनुमति मिल जाती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ रेरा की वेबसाइट के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह वेबसाईट आम लोगों के अनुकूल है और यह कार्यों में पारदर्शिता को बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम में रेरा अकाउंट की ओपनिंग, रेरा डिजिग्नेटेड अकाउंट के प्रबंधन और प्रोजेक्ट से फाइनेंस पर चर्चा की गई।

साथ ही बैंकर्स, चार्टड एकाउंटेड, बिल्डर्स के रेरा एक्ट के संबंधित शंकाओ का समाधान किया गया। इस कार्यक्रम को श्रीमती शीतल वर्मा निदेशक संस्थागत वित्त ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रेरा की रजिस्ट्रार डॉ. अनुप्रिया मिश्रा, श्रीमती दीपा कटारे न्याय निर्णायक अधिकारी छत्तीसगढ़ रेरा, श्री राधाकृष्ण राव एसएलबीसी कन्वेनर तथा अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

# अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे नवाचार नीति- रेलवे के लिए स्टार्टअप का शुभारंभ किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली/रायपुर (पीआईबी)।** राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर भारतीय रेल ने स्टार्ट-अप और अन्य संस्थाओं की भागीदारी के माध्यम से नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की है। माननीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन, नई दिल्ली में रेलवे के लिए स्टार्टअप लॉन्च किया है। समारोह में रायपुर के मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ऑनलाइन सम्मिलित हुए। बिलासपुर, और नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक भी मंडलीय अधिकारियों के साथ कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल हुए। यह नीति बहुत बड़े और अब तक प्रयोग नही हुई स्टार्टअप की भागीदारी के आधार से संचालन, रखरखाव और बुनियादी ढांचे के निर्माण के क्षेत्र में पैमाने पर अधिक दक्षता लाएगी। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे में प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर लंबे समय से चल रही चर्चा ने आज शुरू की गई इस पहल के रूप में ठोस रूप ले लिया है।




इस पहल के शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्टार्ट अप को रेलवे से जुडने का अच्छा अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम के पहले चरण के लिए रेलवे के विभिन्न मंडलों, क्षेत्रीय कार्यालयों/जोनों से प्राप्त 100 से अधिक प्रॉबलम स्टेटमेंट में से 11 प्रॉबलम स्टेटमेंट जैसे रेल फ्रैक्चर, हेडवे कमी आदि को लिया गया है। इन्हें नवीन समाधान खोजने के लिए स्टार्ट अप के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। रेल मंत्री ने स्टार्टअप से इस अवसर का उपयोग करने का अनुरोध किया और उन्हें 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान, सुनिश्चित बाजार, स्केल और ईको सिस्टम के रूप में भारतीय रेलवे से समर्थन सुनिश्चित करने की बात कही। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए प्रॉबलम स्टेटमेंट के प्रारंभ से लेकर प्रोटोटाइप के विकास तक निर्धारित समय-सीमा के साथ प्रक्रिया ऑनलाइन है।

रेलवे में प्रोटोटाइप का ट्रायल किया जाएगा। प्रोटोटाइप के सफल प्रदर्शन के आधार पर आगे लागू करने की स्थिति में अग्रिम हुई धनराशि प्रदान की जाएगी।

नवप्रवर्तकों का चयन एक पारदर्शी और निष्पक्ष प्रणाली द्वारा किया जाएगा जिसे रेल मंत्री द्वारा आज उद्घाटन किए गए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। विकसित इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अधिकार (आईपीआर) इनोवेटर के पास ही रहेंगे। इनोवेटर को सुनिश्चित डेवलेपमेंट ऑर्डर। विलम्ब से बचने के लिए मंडलीय स्तर पर संपूर्ण उत्पाद विकास प्रक्रिया का विकेंद्रीकरण।

मई माह में क्षेत्रीय इकाइयों को प्रॉबलम स्टेटमेंट उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था। इसके प्रत्युत्तर में अब तक लगभग 160 प्रॉबलम स्टेटमेंट प्राप्त हो चुके हैं। प्रारंभ में, नई नवाचार नीति के माध्यम से समाधान हेतु 11 प्रॉबलम स्टेटमेंट की पहचान की गई है और पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

#### ब्रोकेन रेल जांच प्रणाली

रेल स्ट्रेस निगरानी प्रणाली
भारतीय रेलवे राष्ट्रीय एटीपी प्रणाली के साथ इंटरऑपरेबल उपनगरीय खंड के लिए हेडवे सुधार प्रणाली
ट्रैक निरीक्षण गतिविधियों का ऑटोमेशन
हैवी हॉल फ्रेट वैगनों के लिए बेहतर इलास्टोमेरिक पैड (ईएम पैड) का डिजाइन
3-फेज इलेक्ट्रिक इंजनों के ट्रैक्शन मोटर्स के लिए ऑनलाइन कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम का विकास
नमक जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए हल्के वैगन
यात्री सेवाओं में सुधार के लिए डिजिटल डेटा का उपयोग करके विश्लेषणात्मक टूल का विकास
ट्रैक सफाई मशीन
स्वयं सेवा पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों एवं प्रशिक्षण उपरांत रिवीजन के लिए ऐप
पुल निरीक्षण के लिए रिमोट सेंसिंग, जियोमैटिक्स और जीआईएस का उपयोग रेलवे से और भी प्रॉबलम स्टेटमेंट प्राप्त किए गए हैं। इनकी जांच की जा रही है और इसके उपरांत इनको चरणबद्ध तरीके से अपलोड किया जाएगा। नया लॉच किए गए इंडियन रेलवे इनोवेशन पोर्टल का वेब एड्रेस www.innovation.indian-railways.gov.in है।

# हमर लैब में बीपीएल कार्डधारी मरीजों के लिए एक्सरे एवं अन्य जांच होंगी पूरी तरह निःशुल्क



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। जिला चिकित्सालय में संचालित हमर लैब में बीपीएल कार्डधारी मरीजों के लिए एक्सरे एवं अन्य जांच पूरी तरह से नि:शुल्क होंगी। जीवनदीप समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के मानदेय में पांच प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। यह निर्णय कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में जिला चिकित्सालय परिसर में अतिक्रमण को हटाने संबंधी निर्णय भी लिया गया। साथ ही परिसर में अवैध रूप से खड़ी की जाने वाली प्राइवेट एंबुलेंस भी हटाये जाने का निर्णय लिया गया।**

अस्पताल के जिन डाटा एंट्री आपरेटर का कार्य संतोषजनक नहीं है उन्हें हटाये जाने की कार्वाई की जाएगी। बैठक में जीवनदीप समिति के सदस्यों ने जिला अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी स्थापित करने का सुझाव दिया। सदस्यों ने कहा कि कुछ बड़े शहरों के जिला अस्पतालों में चौकी अस्पताल परिसर में ही है जिससे पुलिस से संपर्क करने की काफी दिक्कतें दूर हो जाती हैं।

बैठक में ईसीजी की सुविधा लोगों को देने प्रशिक्षित स्टाफ नर्स के माध्यम से अथवा जीवनदीप समिति में किसी कर्मचारी को मानदेय पर रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में सदस्यों ने अस्पताल की जरूरतों के मुताबिक अत्याधुनिक उपकरणों की माँग रखी। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल की जरूरतों को पूरा करने के लिए जीवनदीप समिति को निरंतर अपने आर्थिक संसाधनों को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि जितनी पंचिंग बढ़ेगी, अस्पताल की आय उतनी ही बढ़ेगी। इसके लिए अस्पताल प्रशासन को निरंतर ध्यान देना होगा कि इंडोर बढ़े। उन्होंने कहा कि इसकी निरंतर मानिटरिंग किये जाने से अस्पताल की आय में अच्छा खासा इजाफा होगा और इससे अस्पताल में नवाचार किये जा सकेंगे। कलेक्टर ने पिछली बैठक के निर्णयों पर हुई कार्वाई की जानकारी भी ली। उन्होंने एमसीएच बिल्डिंग में पानी की दिक्कत के बारे में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि पानी की दिक्कत दूर हो गई है। अमृत मिशन के अंतर्गत मुख्य टंकी को पाइप लाइन से जोड़ दिया गया है जिससे 24 घंटे पानी की आपूर्ति हो रही है। लिफ्ट भी चाली कर दी गई है और काऊ कैचर का निर्माण भी कर दिया गया है। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में जहां जहां पर मरम्मत की जरूरत है वहां मरम्मत का कार्य आरंभ कर लिया जाए। बैठक में जीवनदीप समिति से दिलीप ठाकुर, दुष्यंत यादव, पुरुषोत्तम कश्यप, प्रशांत डोनगांवकर, सतीश सुराना उपस्थित थे। बैठक में सीएमएचओ डा. जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन डा. वायके शर्मा, आरएमओ डा. अखिलेश यादव, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बीएसपी के सर्विसेस जोन के कार्मिक कर्म व पाली शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विसेस संगठन विभागों में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस) सभागार में षिरोमणि पुरस्कार योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट व अनुकरणीय कार्य संपादित करने वाले विभाग के कर्मचारियों को षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस) एस एन आबिदी विषेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान चीफ फायर ऑफिसर बी के महापात्रा, ईएमडी के जीएम इंचार्ज बी के सिन्हा, आरएमडी के जीएम इंचार्ज आई सेनगुप्ता तथा प्रबंधक (कार्मिक सेवाएं), एम वी वी प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस), एस एन आबिदी ने माह जनवरी से मार्च-2022 के लिए आरएमडी के प्रबंधक पवन कुमार मल्होत्रा को बेहतरीन कार्य निष्पादन के लिए पाली षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। इसी क्रम में जनवरी-2022 के लिए एमआरडी के चार्जमेन-कम-सीनियर ऑपरेटर कमलेष कुमार राजपूत को एवं फरवरी-2022 के लिए फायर ब्रिगेड के फायरमेन तोरण लाल साहू तथा मार्च-2022 के लिए ईएमडी चार्जमेन-कम-टेक्नीषियन रघू राम साहू को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके तहत उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं उनकी धर्मपत्नी के लिए भी प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आबिदी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में सम्मानित कर्मचारियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार विभाग की प्रगति के लिये कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्षन प्रबंधक (कार्मिक) एम वी वी प्रसाद ने किया।

इस सम्मान का मुख्य उद्देष्य अपने कार्यस्थल/पाली में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग एवं संगठनात्मक उद्देष्यों को पूरा करने हेतु सुरक्षा के मानक मापदण्डों के साथ विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कर्मठ एवं सृजनशील कर्मचारी को एक विशेष पहचान प्रदान कर सम्मानित करना है। इसके अन्तर्गत कर्मचारी को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं कार्मिक की धर्मपत्नी के लिए भी प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता है।

# अस्पतालों में सभी ग्रुप के ब्लड की हो पर्याप्त स्टॉक-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आज रेडक्रास सोसाइटी द्वारा कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कलेक्टर श्री भीम सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने जिला ब्लड बैंक अधिकारी से ब्लड की नियमित उपयोग एवं डोनेशन की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आवश्यकतानुसार जिले के अस्पतालों में सभी गरुप के ब्लड पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए।

जिससे मरीजों को ब्लड त्वरित उपलब्ध हो सके। रक्तदान दिवस के अवसर पर आज 29 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। जिन्हें कलेक्टर श्री सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

रक्तदान दिवस पर कलेक्टर श्री ड्क्षसह ने कहा कि ब्लड के अनुपलब्धता में कई दुर्घटनाओं में घायलों की जान चली जाती है। ब्लड की मांग अनुसार डोनेशन को बढ़ाना आवश्यक है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने सीएमएचओ को सभी विभागों की शेड्यूल निर्धारित कर समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। जिससे पर्याप्त मात्रा में ब्लड एकत्रित किया जा सके।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री आर.ए.कुरूवंशी, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक श्री संतोष अग्रवाल, रेडक्रास प्रबंधक श्री मुकेश शर्मा, मेडिकल टीम में डॉ राकेश कुमार ब्लड बैंक इंचार्ज, डॉ. शिद्दार्थ साहिल, एस.ए.अफजल, टेक्नीशियन रामकिनकर गुप्ता सहित रेडक्रॉस की पूरी टीम उपस्थित रहे।


































## खास-खबर

### 5 हजार के लिए शराब पिलाकर मार दिया:नाबालिग ने साथी के साथ युवक को डंडे से पीटकर अधमरा किया, फिर पत्थर से कुचला सिर

**दंतेवाड़ा ( ए )।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 5 हजार रुपए के लिए नाबालिग समेत 2 लोगों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि, दोनों आरोपियों ने पहले युवक को शराब पिलाई, फिर अपने घर लेकर गए। युवक से पैसे मांगने पर उसने मना किया तो डंडे से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। जब युवक बेहोश हो गया तो खेत में ले जाकर पत्थर से सिर कुचल कर जान ले ली। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया है। मामला जिले के बचेली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, रविवार को बचेली के पिंटूपारा में शहर के ही एक युवक सुनील बघेल की लाश मिली थी। युवक की हिस्ट्री खंगाली गई तो पता चला कि, शहर के ही एक दूसरे युवक मोटू राम कड़ती के साथ कुछ दिन पहले सुनील का विवाद हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने शक के आधार पर मोटू को हिरासत में लिया। पूछताछ में मोटू ने हत्या की बात कबूल ली। उसने पुलिस को बताया कि, एक नाबालिग के साथ मिलकर सुनील की हत्या की। किसी को शक न हो इसलिए शव को खेत में फेंक दिया था। आरोपी मोटू ने पुलिस को बताया कि, सुनील के साथ कुछ दिन पहले मजदूरी का काम किया था। जिसका पैसा करीब 5 हजार रुपए सुनील रखा था। जब उससे पैसे मांगता तो नहीं है कहकर बात को टाल देता था। फिर शनिवार की रात एक शादी समारोह में मिले थे। जहां नाबालिग समेत तीनों ने साथ में बैठकर शराब पी। जिसके बाद सुनील को अपने घर चलने को कहा। रास्ते में भी पैसों को लेकर विवाद हुआ। किसी तरह जब घर पहुंचे तो मोटू ने सुनील की पिटाई की।

### अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले सात लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज

**रायपुर ( ए )।** इंटरनेट मीडिया में बच्चों के अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले आरोपियों पर अलग-अलग थाने सात मामले दर्ज किए गए गए हैं। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) से मिली जानकारी के आधार पर थानावार आरोपितों पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के तहत अपराध दर्ज किया गया है। एनसीआरबी की टीम को सात मोबाइल नंबरों की जानकारी मिली थी। इन नंबरों के जरिए इंस्टाग्राम, फेसबुक में अश्लील वीडियो अपलोड किए गए थे। लोकेशन के आधार पर आरोपितों के खिलाफ थानावार केस दर्ज किया गया। कोतवाली में एक, खमतराई में दो, मोवा में एक और डीडी नगर में तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### महिला आरक्षक से छेड़छाड़, जवान गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** राजधानी में सिविल लाइन थाने में एक महिला आरक्षक ने पुरुष आरक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपित आरक्षक भावेश ध्रुव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित आरक्षक भावेश कई दिनों से महिला आरक्षक को परेशान कर रहा था। मंगलवार की दोपहर इसने पहले महिला आरक्षक का रास्ता रोका। उसके बाद छेड़छाड़ करने लगा। महिला आरक्षक ने विरोध किया तो उसने गाली-गलौज के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया।

### पंचायत सचिव की पिटाई, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** मुजगहन थाना क्षेत्र के डोमा गांव में पंचायत सचिव शंकर लाल भारती की ग्रामीण ने पिटाई कर दी। सचिव ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित देनीराम गेंडरे को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार शंकर लाल मंगलवार की दोपहर लगभग एक बजे डोमा के पंचायत भवन में सरपंच देवसिंग बघेल, पंच कमलेश कश्यप, कृपाराम बघेल और गांव के लोगों के साथ बैठे थे। वहां राजीव गांधी कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के तहत फार्म भरने के बारे में चर्चा की जा रही थी। इसी बीच गांव में रहने वाला देनीराम गेंडरे आया और पक्षपात का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगा। पंचायत सचिव सहित अन्य ने गाली देने से मना किया तो उसने सचिव संग मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

रायपुर के प्लांट में पड़ा छापा

# ब्रांडेड कंपनी का लोगो लगाकर बनाया जा रहा था नकली सामान, लाखों का माल सीज

**रायपुर।** रायपुर के एक प्लांट पर पुलिस और लीगल टीम ने छापा मारा। यहां बड़ी तादाद में प्लास्टिक के नकली प्रोडक्ट बरामद हुए हैं। रायपुर का ही एक कारोबारी अपने प्लांट में ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली प्रोडक्ट तैयार करके मार्केट में बेच रहा था।



मामला प्लास्टिक वॉटर टैंक ब्रांड प्लास्टो से जुड़ा हुआ है। दिल्ली की इस कंपनी की लीगल टीम को खबर मिली थी कि रायपुर की एक प्लांट में नकली प्रोडक्ट का प्रोडक्शन किया जा रहा है। इसी के तहत स्थानीय पुलिस के साथ लीगल टीम प्लांट में पहुंची। बड़ी तादाद में प्लास्टो ब्रांड का फर्जी इस्तेमाल करते हुए प्रोडक्ट मिले, कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस की मदद से लाखों का माला सीज कर दिया गया है। लीगल टीम की अधिवक्ता नम्रता जैन ने बताया कि अब यह मामला दिल्ली कोर्ट में चलाया जाएगा। कंपनी की हेड ऑफिस की तरफ से रायपुर के तेजस इंटरप्राइजेस पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है, प्लांट को भी सील किया जा रहा है।

### रायपुर में हर महीने 50 लाख का कारोबार

रायपुर में नकली प्रोडक्ट का बाजार बड़ा है। शहर के व्यापारियों के मुताबिक कम कीमत की वजह से लोग इन प्रोडक्ट्स पर भरोसा कर खरीद लेते हैं और मुनाफे के चक्कर में दुकानदार इसे बेचते हैं। तीन महीने पहले रायपुर की पुलिस ने एसकेआर मोबाइल एसेसरीज की दुकान से रितेश कुमार अंदानी, विनय कृष्णानी, नितेश खत्री नाम के कारोबारियों को पकड़ा था इनके पास से एप्पल जैसे ब्रांड के नकली प्रोडक्ट मिले थे। रविभवन में तिरूपति नावेल्टी कैप हाउस के दुकानदार को नाइकी, पोलो जैसी मल्टी नेशनल ब्रांड के लोगो वाले नकली सामान के साथ पकड़ा गया था। इन दोनों कार्रवाइयों में पुलिस को 3 लाख से ज्यादा के नकली प्रोडक्ट मिले थे।

ऐसे मामलों में पुलिस कॉपी राईट एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई करती है। रायपुर समेत प्रदेशभर में में ब्रॉडेड कंपनी के नाम पर नकली सामान खपाने का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। अकेले रायपुर में हर महीने करीब 50 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, कॉस्मेटिक, खाद्य सामग्री, कपड़े समेत अन्य सामान खपाया जा रहा है। दरअसल नामी कंपनियों के ट्रेडमार्क, स्टीकर का इस्तेमाल कर कारोबारी नकली सामान बेचने का गोरखधंधा रायपुर से लेकर पूरे प्रदेश में चला रहे हैं।

# पुलिस को मिली सफलताः एक महीना पहले सूमो चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार, साथी की पुलिस कर रही तलाश

**महासमुंद (ए)।** एक महीने पूर्व तुमगांव ओवरब्रिज के पास टाटा सूमो को साइड करने के बहाने चोरी कर फरार हुए आरोपी को तुमगांव पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के कुछ ही घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उक्त घटना में शामिल साथ फरार है, जिसकी पुलिस तलाश में जुटी हुई थी।



बताया जा रहा है कि फरार ने चोरी की गाड़ी को किसी अन्य के पास बेच दी है। उसके पकड़े जाने के बाद ही पता चलेगा। वहीं पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के घर से गाड़ी के सामान को जब्त किया है, जिसे वह छुपा कर अपने घर में रखा था।

तुमगांव थाना प्रभारी विनोद शर्मा ने बताया कि टाटा सूमो चोरी के आरोप में ग्राम कुरुद थाना आरंग जिला रायपुर निवासी दिनेश देवदास पिता भागीरथी देवदास (23) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी ने 15 मई को घटना को अंजाम दिया था।

### साइड करने मांगी चाबी और गाड़ी लेकर हो गया फरार

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी दिनेश अपने साथी के साथ तुमगांव ओवरब्रिज के पास बैठा था। ग्राम खैरखुंटा के गजाधर प्रधान अपने साथ दाशरथी का इलाज कराने के लिए मेकाहरा गया था। रात को वापस अपने गांव लौट रहा था। 15 मई रात 3 बजे पानी पीने के लिए तुमगांव ओवरब्रिज के पास रुके थे। उसी समय आरोपी ने गाड़ी साइड लगाने की बात कहीं और चॉबी दे दो मैं साइड लगा देते हूं, कहां। इतने में प्रार्थी ने चॉबी दी। चॉबी मिलते ही आरोपी गाड़ी को चालू किया ओर अपने दोस्त के साथ फरार हो गया।

इधर, प्रार्थी आसपास पूछताछ कर आरोपी का नाम पता कर लिया था। चोरी होने के बाद प्रार्थी अपनी गाड़ी की पतासाजी में जुट गया था, लेकिन गाड़ी नहीं मिली तो सोमवार को तुमगांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया।

रायपुर में पत्थर से सिर कुचल कर हत्या

# सुनसान प्लाट पर मिली युवक की लाश चेहरा इतना बिगड़ा की शिनाख्त नहीं



**रायपुर ( ए )।** रायपुर के कचना इलाके में एक शख्स की हत्या कर दी गई। यह वारदात बीती रात की बताई जा रही है, सुनसान प्लॉट पर लाकर युवक का सिर पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या की गई है। हमला इतना जबरदस्त था कि युवक का चेहरा बुरी तरह से बिगड़ गया है। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोग युवक की शिनाख्त नहीं कर पाए हैं। यह पता नहीं चल सका है कि जो मरा वह कौन था । हालांकि पुलिस को लाश की जांच करने पर पता चला कि युवक के हाथ में एक टैटू है। इस टैटू में नाम लिखा हुआ है अब इस टैटू के जरिए ही पुलिस युवक का पता लगाने में जुटी हुई है। युवक की पहचान होते ही इस कत्ल कर राज भी खुलेगा। रायपुर के कचना स्थित वीआईपी स्टेट के प्लॉट पर युवक की लाश मिली। सुबह इस इलाके में टहल रहे कुछ लोगों की नजर जमीन पर गिरे युवक पर पड़ी। पास आकर देखने पर वह मृत मिला। इसके बाद फौरन पुलिस की टीम को खबर दी गई। अब फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर पहुंची है। खम्हारडीह इलाके की पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

पिछले 5 दिनों में हत्या की यह चौथी वारदात है। इससे पहले रायपुर के संतोषी नगर इलाके में अमान खान, सिविल लाइन इलाके में रामचंदानी नाम के प्रॉपर्टी डीलर की आपसी विवाद में हत्या हुई। गुढ़ियारी इलाके में एक युवक की गर्लफ्रेंड की वजह से हुए विवाद में हत्या हो चुकी है।

# ओडिशा जा रहे कार सवार की सड़क हादसे में मौत, 3 घायल

**महासमुंद ( ए )।** एनएच - 53 अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसे में दो की मौत हो गई है, तीन गंभीर रूप से घायल हो गए है। वहीं सिरपुर मार्ग के ग्राम फुसेराडीह के पास बोलेरो के टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। घायलों को इलाज चल अस्पताल में चल रहा है। इधर पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सरायपाली थाना प्रभारी आशीष वासनिक ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग- 53 ग्राम परसदा के पास कार क्रमांक ओडी 17 के 4910 के पलटने से सवार बरगढ़ थाना बरगढ़ ओडिशा निवासी मो. समील पिता बदरू रहमान (40) की मौत हो गई। वहीं सवार मनोज कुमार सिह पिता गणेश प्रसाद (42), चालक भरत पंडा पिता करोनाकार पंडा (42) एवं सुनील अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल (43) गंभीर रुप से घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि ये मृतक व घायल सुनील अग्रवाल व मनोज कुमार तीनों घूमने के लिए लद्दाक, दिल्ली की ओर गए थे। मंगलवार को फ्लाइट से वापस माना एयरपोर्ट पहुंचे। इससे पहले ओडिशा जाने के लिए चालक को लेकर बरगढ़ निकले। परसदा के पास सड़क पर अचानक मवेशी के आने से हादसा हुआ।

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building,
Opp. Church, Risali, Bhilai-490006
Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

# कोर्ट के आदेश पर 6 साल बाद जालसाज पिता-पुत्र पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**महासमुंद ( ए )।** हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन में सांकरा पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए लेने एवं कूटरचित कर फर्जी नियुक्ति पत्र देने के आरोप में ग्राम सलडीह निवासी पिता व पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। वहीं पुलिस आरोपियों की पतासाजी कर रही है। आवेदक ने पुलिस को बताया कि वह गांव के आसपास के लोगों से भी नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लिया है।

इधर, सांकरा थाना प्रभारी उमाकांत तिवारी ने बताया कि मामला 2016 का है। हाईकोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार ग्राम मोहगांव बलीराम मटारी पिता गौतम का बेटा डेविड कुमार के साथ 15 दिसंबर 2016 को अपने रिश्तेदार रंकमणी जाल के घर ग्राम सलडीह पारिवारिक कार्य से गया था, जहां पर रंकमणी जाल के पुत्र सव्यसांची ने बातों ही बातों में कहा कि मंत्रालय में विभिन्न तरह की नौकरियां लग रही है तुम्हारे पुत्र को नौकरी लगवा सकते हैं।



## कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी/सचिव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन समिति दुर्ग (छ.ग.)

पत्र.क्र./7150 /स्वा.आ.अं.मा./प्रतिनियुक्ति/2022    दुर्ग, दिनांक 10/06/2022

### // प्रतिनियुक्ति हेतु विज्ञापन//

छ.ग.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर के आदेशानुसार जिला दुर्ग अंतर्गत कुल 16 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पद स्वीकृत किया गया है। निम्नानुसार विद्यालयों में रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भर्ती हेतु छ.ग. राज्य में कार्यरत पात्र एवं योग्यताधारी व्याख्याताओं, शिक्षकों, व्यायाम शिक्षकों एवं सहायक शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | विद्यालय का नाम | पदनाम | रिक्तियाँ |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि.खम्हरिया (जुन.) भिलाई, जिला दुर्ग | शिक्षक | 1 |
| 2 | | व्याख्याता सामाजिक विज्ञान | 1 |
| 3 | | व्याख्याता भूगोल | 1 |
| 4 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. बोरी, धमधा, जिला दुर्ग | व्याख्याता राजनीति | 1 |
| 5 | | व्याख्याता रसायन | 1 |
| 6 | | शिक्षक | 1 |
| 7 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. बालाजी नगर, खुर्सीपार, भिलाई, जिला दुर्ग | सहायक शिक्षक | 1 |
| 8 | | शिक्षक | 3 |
| 9 | | व्याख्याता हिन्दी | 1 |
| 10 | | व्याख्याता संस्कृत | 1 |
| 11 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. कुम्हारी, धमधा, जिला दुर्ग | सहायक शिक्षक | 1 |
| 12 | | शिक्षक | 1 |
| 13 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. भिलाई 03, पाटन, जिला दुर्ग | सहायक शिक्षक | 1 |
| 14 | | व्याख्याता रसायन | 1 |
| 15 | | व्याख्याता भौतिक | 1 |
| 16 | | व्याख्याता भूगोल | 1 |
| 17 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. पाटन, जिला दुर्ग | व्याख्याता गणित | 1 |
| 18 | | व्याख्याता इतिहास | 1 |
| 19 | | व्याख्याता वाणिज्य | 1 |
| 20 | | सहायक शिक्षक | 1 |
| 21 | | व्याख्याता हिन्दी | 1 |
| 22 | | व्याख्याता भौतिक | 1 |
| 23 | | व्याख्याता रसायन | 1 |
| 24 | | प्रधान पाठक (पू.मा.) | 1 |
| 25 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि.रानीतराई, पाटन, जिला दुर्ग | प्रधान पाठक (प्राथ.) | 1 |
| 26 | | शिक्षक | 2 |
| 27 | | व्यायाम शिक्षक | 1 |
| 28 | | सहायक शिक्षक | 1 |
| 29 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. सेक्टर 06, भिलाई, जिला दुर्ग | सहायक शिक्षक | 3 |
| 30 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. दीपक नगर, दुर्ग, जिला दुर्ग | शिक्षक | 1 |
| 31 | | सहायक शिक्षक | 2 |
| 32 | | व्याख्याता रसायन | 1 |
| 33 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. तमेरपारा धमधा, जिला दुर्ग | व्याख्याता वाणिज्य | 1 |
| 34 | | व्यायाम शिक्षक | 1 |
| 35 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. तमेरपारा धमधा, जिला दुर्ग | सहायक शिक्षक | 2 |
| 36 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. जंजगिरी, धमधा, जिला दुर्ग | सहायक शिक्षक | 2 |
| 37 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. जामगांव (एम), जिला दुर्ग | व्याख्याता वाणिज्य | 1 |
| 38 | | व्याख्याता भौतिक | 1 |
| 39 | | व्याख्याता सामाजिक विज्ञान | 1 |
| 40 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. जामगांव (एम), जिला दुर्ग | शिक्षक | 2 |
| 41 | | सहायक शिक्षक | 1 |
| 42 | | व्याख्याता अंग्रेजी | 1 |
| 43 | | व्याख्याता भौतिक | 1 |
| 44 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. जामगांव (आर), जिला दुर्ग | व्याख्याता जीवविज्ञान | 1 |
| 45 | | व्याख्याता रसायन | 2 |
| 46 | | शिक्षक | 1 |
| 47 | | व्याख्याता गणित | 1 |
| 48 | | व्याख्याता भौतिक | 1 |
| 49 | स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. नगपुरा जिला दुर्ग | व्याख्याता रसायन | 1 |
| 50 | | व्याख्याता वाणिज्य | 1 |
| 52 | | शिक्षक | 1 |

**चयन प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश :-** **1.** प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन की पात्रता केवल छ0ग0शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में कार्यरत नियमित शिक्षक को होगी। अन्य किसी भी आवेदक को प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन की पात्रता नहीं होगी। **2.** आवेदक व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिखक वर्तमान में जिस पद/विशय पर कार्यरत है, उस पद/विशय पर ही प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन स्वीकार किया जावेगा। **3.** व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के लिए आवेदक को प्रशिक्षित (बी॰एड/डी0एड/डी0एल0एड0/ बी0टी0आई0) होना अनिवार्य है। **4.** अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे। अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी। **5.** आवेदक द्वारा आवेदन करने मात्र से ही प्रतिनियुक्ति हेतु दावा स्वीकार्य नहीं होगा। प्रत्येक पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु चयन समिति द्वारा साक्षात्कार/कौशल परीक्षा का आयोजन किया जावेगा तथा उपयुक्त आवेदक उपलब्ध होने की स्थिति में ही प्रतिनियुक्ति हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जावेगा। **6.** ओवदन पत्र मय आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग में अंतिम तिथि दिनांक 20.06.2022 तक जमा किया जा सकेगा। निर्धारित तिथि उपरांत आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जाएगें। **7.** साक्षात्कार हेतु पृथक से सूचना जिले के वेबसाईट durg.nic.in में दी जावेगी। पृथक से कोई पत्र एवं सूचना नहीं दी जावेगी। **8.** आवेदकों को वरिष्ठता सूची, संविलियन आदेश अथवा नियुक्ति आदेश की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न **9.** विज्ञापन जारी होने की तिथि के पूर्व जमा किये गये आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। **10.** अन्यत्र जिले के आवेदकों को उनके जिले के जिला शिक्षा अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र आवश्यक होगा।

**अध्यक्ष/कलेक्टर,**
**स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. संचालन एवं प्रबंधन समिति दुर्ग**

जी-92124/4


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

**खास - खबर**

## बिना कारण के कार्यालय से अनुपस्थित रहने वाले तीन कर्मचारियों को निगम ने थमाया नोटिस

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में बिना कारण के निगम दफ्तर से ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने वाले तीन अभियंताओं को निगम ने शो कॉज नोटिस जारी किया है। यह तीनों अभियंता मदर टैरेसा नगर जोन में पदस्थ है। किसी भी बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के कार्यालयीन समय में अनुपस्थित रहने वाले कार्यपालन अभियंता टी.के. रणदिवे, सहायक अभियंता अनिल कुमार सिंह एवं उप अभियंता कृष्ण कुमार जंघेल को अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह तीनों अभियंता जोन क्रमांक 3 मदर टेरेसा नगर ऑफिस में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के कार्यालय से अनुपस्थित थे, जिससे निगम के मदर टेरेसा नगर जोन कार्यालय के कई ऐसे महत्वपूर्ण कार्य थे जो प्रभावित हुए। इसे निगम ने गंभीरता से लिया और इन अभियंताओ को नोटिस जारी किया है। निगम ने नोटिस में लिखा है कि नोटिस जारी करने के 3 दिनों के भीतर अनुपस्थित रहने के कारण का जवाब देवे, क्यों पूर्व सूचना/अनुमति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। निर्धारित समय अवधि में समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर इन अभियंताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

अल सुबह बारिश पूर्व नाला सफाई का कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम एवं बीएसपी के अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# नाला सफाई कार्य युद्ध स्तर पर करने के दिए निर्देश, जायजा लेने निकले थे कलेक्टर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम एवं बीएसपी के अधिकारियों के साथ शहर के नाला सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने सेक्टर 6 के पास के मुख्य नाला, गौतम नगर एवं बापू नगर के मध्य तेल्हा नाला, करुणा अस्पताल के सामने के नाला, तथा छोटी नालियों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने बीएसपी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाला से जलकुंभी हटाने के लिए संसाधन बढ़ाकर शीघ्र अति शीघ्र नाला की सफाई कराएं।

उन्होंने बीएसपी क्षेत्र में बैक लाइन की सफाई भी देखी, अभियान चलाकर बेक लाइन की सफाई करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बीएसपी एवं निगम के अधिकारियों के साथ सेक्टर 7 तथा सेक्टर 8 सहित अन्य क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली तथा रहवासियों से फीडबैक भी लिया।

रहवासियों ने बताया कि अभी भी शुरुआती दौर में पानी अशुद्ध आ रहा है और स्टार्टिंग टाइम में गंदे पानी की समस्या बरकरार है, कलेक्टर ने बीएसपी के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए हर संभव प्रयास करें, पानी की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान का प्रयास करें तथा पानी टंकियों की सफाई भी करावे। इस दौरान घरों से पानी के सैंपल भी लैब में परीक्षण के लिए एकत्र किए गए। कलेक्टर श्री भुरे ने नेशनल हाईवे के समीप नाली निर्माण का निरीक्षण किया, उन्होंने एनएच के अधिकारियों को नाली निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा नाली को ढकने और सुरक्षित करने के साथ ही पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

पावर हाउस बस स्टैंड की ओर से पानी निकासी के लिए प्रगति मार्केट की ओर पाइप लाइन बिछाने के कार्य की जानकारी अधिकारियों से ली। पावर हाउस ओवर ब्रिज के संधारण एवं ब्यूटीफिकेशन कार्य का निरीक्षण भी कलेक्टर ने किया, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की प्रगति बढ़ाएं तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए शीघ्र अति शीघ्र कार्य पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं एनआर रत्नेश, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा एवं संजय बागड़े, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, बीएसपी के अधिकारी, एनएच के अधिकारी तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

विश्व रक्तदाता दिवस पर जागरूकता को लेकर हुए विविध आयोजन

## नियमित रूप से रक्तदान करने की ली शपथ ब्लड डोनर संस्थाओं का किया गया सम्मान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर, निगम तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विश्व रक्तदाता दिवस पर नियमित रूप से रक्तदान करने, भारत में रक्त की विशाल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह वचन लिया गया कि परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों, सहयोगियों और जनता को नियमित स्वैच्छिक, अवैतनिक रक्तदान तथा इसकी जरूरत के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा, जब भी किसी को रक्त की जरूरत होगी तो अपने खर्चे पर बिना किसी लोग लालच के जाति, धर्म के भेदभाव से मुक्त होकर रक्तदान करेंगे और सतत प्रयास करेंगे कि रक्त की कमी से हमारे आसपास किसी की जान न जाए। इस दौरान कई लोगों ने बढ़-चढ़कर अपना रक्त परीक्षण भी कराया और रक्तदान किया तथा ब्लड डोनर करने वाली संस्थाओं का मोमेंटो देकर सम्मान भी किया गया। इस दौरान प्रमुख रुप से डॉक्टर पीएम सिंह एवं सीपीएम तुषार वर्मा आदि मौजूद रहे। कौन कर सकता है रक्तदान इसके बारे में किया गया जागरूक रक्तदान कौन कर सकता है इसके बारे में ब्लड बैंक के रोशन सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी शख्स जिसकी उम्र 18 से 65 साल के बीच है, डोनर का हीमोग्लोबिन 12.5 जीएम/डीएल से ज्यादा हो, पुरुष हर 3 महीने में रक्तदान कर सकते हैं और महिलाएं हर 4 महीने में रक्तदान कर सकती है, वजन 50 किलोग्राम से कम नहीं होना चाहिए।

## विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर निगम अधिकारी व कर्मचारियों ने शपथ ली

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम के डाटा सेंटर सभागार में शपथ समारोह रखा गया, आयुक्त हरेश मंडवी के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता राजेश पांडेय ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को विश्व रक्त दाता दिवस के अवसर पर कुछ इसी अंदाज में इंसानियत की शपथ लेते हुए मैं वचन देता हूं कि जब भी कभी, किसी को खून की जरूरत होगी, मैं स्वयं के खर्चे पर, बिना किसी लोभ-लालच के जाति-धर्म के भेदभाव से मुक्त होकर रक्तदान करूंगा।

मैं इस महाअभियान को निरंतर गति देने के लिए लोगों को जागरूक करने का सतत प्रयास करूंगा, अधिकारी व कर्मचारियों ने रक्तदान महाअभियान की शुरुआत की।इस दौरान कार्यपालन अभियंता राजेश पांडेय, आर.के.जैन, शंकरदयाल शर्मा, वी.पी.मिश्रा, आर.के.पालिया, प्रकाश चंद थावनी,गिरीश दिवान,विनोद मांझी,श्रीमती भारती ठाकुर,स्वेता महलवार,पंकज साहू,करण साहू,विकास दमाहे, मनोहर साहू,अनिल सिंह,शुभम गोइर,ईश्वर वर्मा,आशुतोष, शशिकांत यादव, संजू जाटव,विजय राजपूत उपस्थित थे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर बीएसपी में रक्तदान शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून को मनाया जाता है। सन् 2005 में 58 वीं विष्व स्वास्थ्य सभा में वार्षिक वैष्विक कार्यक्रम के रूप में घोषित किया गया था। यह दिवस कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती पर मनाया जाता है। इस साल का नारा है श्क्कदंजपदह ठसवववक पे ंबज वि ैवसपकंतपजलश् अर्थात् रक्तदान एक एकजुटता का कार्य है। यह दिन स्वैच्छिक (टवसनदजतल), अवैतनिक (नदचंपक) रक्तदाताओं को उनके लाइफ सेविंग ब्लड के लिए धन्यवाद देने का भी अवसर है।

14 जून को सुबह 8.30 बजे विष्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में रक्तदान षिविर का आयोजन जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के ब्लड सेंटर में किया गया। जिसका उद्घाटन कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), के के सिंह, कार्यपालक निदेषक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ एस के इस्सर द्वारा रक्तदान करके किया गया।

रक्त केंद्र जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-9 भिलाई पिछले कई वर्षों से सेवाएं दे रहा है। सन् 2018 में डेंगु महामारी के दौरान अगस्त एवं सितम्बर में करीब 3663 ब्लड एवं ब्लड प्रोडक्ट के द्वारा जन सेवा का कार्य किया गया। सालभर थैलिसिमा, सिकलिंग एवं डायलिसिस के मरीजों को बिना रिप्लेसमेंट के आवष्यकता पड़ने पर रक्त दिया जाता है।

वर्ष 2019 में आईडी नैट (प्क् छ।ज्) मषीन को इंस्टाल किया गया जिससे अगर खून में बहुत कम मात्रा में भी इंफेक्षन हो उसका जल्द से जल्द पता चल जाता है। इस प्रकार साफएवं स्वस्थ रक्त देने का उद्देष्य पूरा होता है।

विश्व दाता दिवस के उपलक्ष्य में 13 जून, 2022 को सुबह 9.30 बजे जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-9 के ओपीडी ब्लॉक में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय रक्तदान की महत्ता एवं जनसाधारण के हृदय से भय को हटाना था। नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने नृत्य-नाटिका के द्वारा 'रक्तदान महादान है एवं रक्तदान एक एकजुटता का कार्य है' का संदेष दिया।

## जिले व प्रदेश में नवदृष्टि फाउंडेशन सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वस्थ विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रक्तदाता सम्मान समारोह में आज नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों हरमन दुलाई,रितेश जैन ,किरपा सिंह,मोहित अग्रवाल ,कुणाल आढ़तिया को सम्मनित किया गया या आयोजन स्वस्थ विभाग द्वारा न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन रायपुर में आयोजित किया गया जंहा पुरे प्रदेश में रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं को सम्मनित किया गया।



इसके अलावा दुर्ग में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में जिला चिलकित्सालय सीएम्एचओ ने नवदृष्टि फाउंडेशन के दीपक बंसल व् सत्येंद्र राजपूत को सम्मानित किया।

संचालक स्वास्थ्य सेवायें सह परियोजना संचालक छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति नीरज बँसोड़ आईएएस,संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ विष्णुदत्त,अधिष्ठाता मेडिकल कालेज रायपुर डॉ तृप्ति नागरिया,अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ एस के बिंझवार,डॉ मीरा बघेल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर ,विजय श्याम ठाकुर सहायक संचालक छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा नवदृष्टि फाउंडेशन के हरमन दुलाई,रितेश जैन ,किरपा सिंह,मोहित अग्रवाल ,कुणाल आढ़तिया को मोमेंटो व् प्रशस्ति पत्र दे सम्मानित किया

नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया ने कहा आज हमारी सनाथा का जिले प्रदेश व् राज भवन में सम्मान हुआ जिसकी हमें ख़ुशी व् गर्व है यह सम्मान हमारी संस्था के सदस्यों का उत्साह वर्धन करेगा व् हम नए उत्साह के साथ कार्य करेंगे

नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया,प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई, किरण भंडारी, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी,सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, पियूष मालवीय,विकास जायसवाल मुकेश राठी,प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ ,सूरज साहू संतोष राजपुरोहित,चेतन जैन ,चन्दन मिश्रा,यतीन्द्र चावड़ा, नत्थू अग्रवाल, खुर्शीद अहमद, आकाश मसीह, वीरेंद्र पाली, प्रफुल्ल जोशी,प्रसाद राव,संतोष रत्नानी दीपक बंसल ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

## सभी नालों की युद्ध स्तर पर सफाई, कमिश्नर की सख्त हिदायत बारिश से पूर्व हो पूरी सफाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर की सभी बड़े नालों एवं वार्डो में स्थित छोटी एवं बड़ी नालियों की सफाई व्यवस्था पर सतत् निगरानी रखी जा रही है और सफाई कार्य लगातार जारी है!जहां जहां वार्डो में स्थित नालियों में कचरा भरने की शिकायत आ रही है, प्राथमिकता के तौर पर सफाई गैंग लगाकर सफाई कराई जा रही है।इस हेतु नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग का अमला सक्रिय है।

मेयर धीरज बाकलीवाल एवं कमिश्नर हरेश मंडावी के दिशा निर्देश पर पूरा निगम अमला मुस्तैदी के साथ सफाई कार्य में जुटा हुआ है। लगातार शंकर नगर नाला की सफाई कराई जा रही है, मालवीय नगर से लेकर संतराबाड़ी, सिंधी कॉलोनी, शंकर नगर से होते हुए गिरधारी नगर होते हुए उरला बस्ती की अंतिम छोर तक नाले की सफाई की सतत् निगरानी रखी जा रही है, एवं साफ-सफाई कराई जा रही है। इस कड़ी में मंगलवार आज सुबह 6:00 बजे कमिश्नर हरेश मंडावी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आठ बड़े नालो न्यु पुलिस लाईन से मालवीय नगर चौक संतराबाडी शंकर नगर होते उरला तक शंकर नगर नाला,शंकर नगर मुक्ति धाम होते हुए गया नगर मुक्ति धाम तक,गिरधारी नगर नाला,सुराना कॉलेज से इंदिरा कॉलोनी होते हुए पोटिया नाला तक पोटिया, केलाबाड़ी नाला,सहगल आटो रिपेयरिंग सेंटर से आर्दश नगर होते हुए पोटिया नगर तक कसारीडीह नाला,शक्ति नगर अम्बेडकर आवास से कादम्बरी नगर होते हुए। कलश हास्पिटल तक शक्ति नगर नाला,हनुमान नगर से कादम्बरी नगर नाला तक आई.एच.एस.डी.पी. कॉलोनी से बांधा तालाब तक बिड़ी कॉलोनी नाला,विद्युत नगर से होते हुए पोटिया तक बोरसी नाला तक

के अंतिम छोर तक मौके पर जाकर साफ-सफाई कार्य का जायजा लिया उन्होने स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को नाले की साफ-सफाई एक हफ्ते के अंदर मानसून आने के पूर्व तले तक साफ-सफाई करा लेने हेतु निर्देशित किया । शहर के सभी आठ बड़े नालो की सफाई कमिश्नर श्री मंडावी के निर्देश पर बरसात के पूर्व युद्ध स्तर पर कराई जा रही है ताकि बरसात का पानी पूरे फ्लो से बह जा सके,जिसमे लिए आस पास के वार्डो के नागरिको को परेशानी का सामना न करना पडे।इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार काम कर रही है । इसका परिणाम भी सामने आने लगा है। तीन-तीन गैंग लगाकर शंकर नगर नाले की तले तक की सफाई का परिणाम है कि अब बरसात के दिनों एवं अन्य समय में अत्यधिक वर्षा होने पर भी नाले के आस-पास के वार्ड एवं बस्तियों में पानी का भराव नही होगा। नाले की साफ-सफाई की सतत् निगरानी हेतु निगम अमला जुटा हुआ है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950